

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 166 | ग्वालियर मंगलवार, 04 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## सीबीआई का नाम इंसाफ का ब्रांड

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) सोमवार (3 मार्च) को अपने 60 वर्ष पूरे होने पर डायमंड जुबली मना रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समारोह का उद्घाटन किया. इस दौरान सीबीआई से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के मामलों का संग्रह भी जारी किया गया. इस मौके पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश की प्रीमियम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के रूप में 60 वर्ष का सफर आपने (सीबीआई) पूरा किया है. ये 6 दशक निश्चित रूप से अनेक उपलब्धियों के रहे हैं. प्रधानमंत्री ने कहा, सीबीआई ने अपने काम से, अपने कौशल से सामान्यजन को एक विश्वास दिया है. आज भी जब किसी को लगता है कि कोई केस असाध्य है तो आवाज उठती है कि मामला सीबीआई को दे देना चाहिए. लोग आंदोलन करते हैं कि केस उनसे लेकर



सीबीआई को दे दो. यहां तक कि पंचातय स्तर पर भी कोई मामला आता है तो लोग कहते हैं कि इसे सीबीआई को दे देना चाहिए. न्याय के, इंसाफ के एक ब्रांड के रूप में सीबीआई हर जुबान पर है. प्रधानमंत्री ने आगे कहा, कोटि-कोटि भारतीयों ने आने वाले 25 सालों में भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया है और विकसित भारत का निर्माण प्रोफेशनल और प्रभावी संस्थानों के बिना संभव नहीं है. इसलिए सीबीआई पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है. पिछले 6 दशक में सीबीआई ने मल्टी डायमेंशनल और मल्टी डिसप्लिनरी जांच एजेंसी के तौर पर अपनी पहचान बनाई है, आज सीबीआई का दायरा बहुत बड़ा हो चुका है. महानगर से लेकर जंगल तक सीबीआई को दौड़ना पड़ रहा है.

### भ्रष्टाचार सबसे बड़ा अपराध- पीएम मोदी

पीएम ने सीबीआई के काम का जिक्र करते हुए बताया कि मुख्य रूप से सीबीआई की जिम्मेदारी भ्रष्टाचार से देश को मुक्त करने की है. भ्रष्टाचार कोई सामान्य अपराध नहीं होता. भ्रष्टाचार, गरीब से उसका हक छीनता है, अनेक अपराधों को जन्म देता है. भ्रष्टाचार, लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा होता है.

## न्यूज ट्रैक

### कोरोना हो रहा खतरनाक! एक सप्ताह से भी कम में दोगुने बढ़े केस



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के आंकड़े अब डराने लगे हैं. शनिवार (1 अप्रैल) को देश में कोरोना के 3824 नए केस दर्ज किए गए. रोजाना मामलों के हिसाब से ये 6 महीने में सबसे ज्यादा संख्या है. वहीं, पिछले सात दिनों में कोरोना के मामलों में जिस तरह वृद्धि हुई है वह तीसरी लहर के बाद सबसे ज्यादा है. भारत ने पिछले सप्ताह 26 मार्च-1 अप्रैल के दौरान 18,450 नए मामले दर्ज किए, जो इसके पहले सप्ताह के 8,781 के दोगुने से भी ज्यादा है. कोरोना मामलों के दोगुना होने का समय 7 दिन से भी कम रह गया है. पिछली बार ऐसा तीसरी लहर के दौरान हुआ था जब एक सप्ताह में ही रोजाना के आंकड़े दोगुने बढ़ जा रहे थे. हालांकि, इस दौरान राहत की बात ये है कि कोरोना से होने वाली मौत के मामले में मामूली वृद्धि हुई है. पिछले सप्ताह 36 लोगों की कोरोना की वजह से मौत हुई, जबकि उसके पहले ये आंकड़ा 29 था. पिछले सात दिनों में दोगुनी वृद्धि के मामलों में योगदान देने वाले राज्यों में केरल पहले नंबर पर हैं. केरल में एक सप्ताह में कोरोना मामलों की संख्या तीन गुनी छलांग लगाकर 1333 से बढ़कर करीब 4000 पहुंच गई. अन्य राज्य जहां सबसे तेज बढ़त देखी गई है वो गोवा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश हैं. इनमें से अधिकांश राज्यों में पिछले सप्ताह में उसके पहले के मुकाबले कोरोना मामलों संख्या तीन गुना बढ़ गई है. हिमाचल प्रदेश में पिछले सप्ताह कोरोना मामले 409 से बढ़कर 1200 पहुंच गए. महाराष्ट्र और गुजरात में पिछले कुछ सप्ताह से कोरोना के मामलों में बढ़त देखी गई. हालांकि, गुजरात में इसमें कमी आई है जबकि महाराष्ट्र में यह स्थिर बनी हुई है. महाराष्ट्र में सप्ताह का आंकड़ा 3323 है जो कि पिछले सात दिनों के 1956 से 70 प्रतिशत ज्यादा है. 2312 केस के साथ गुजरात शीर्ष तीन राज्यों में बना हुआ है

### पुलिस पीछे पड़ी थी तो गोल्ड से भरा बैग फेंककर भाग गया शख्स



**नई दिल्ली।** चेन्नई से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है. यहां एक शख्स पुलिस को देखते ही गोल्ड से भरा बैग फेंककर भाग गया. चेन्नई में रविवार (2 अप्रैल) को सुबह 5 बजे पुलिस सब-इंस्पेक्टर थुलसिंगम और उनकी टीम राजाजी सलाई रोड पर इंडियन बैंक के पास वाहनों की जांच कर रही थी. जांच के दौरान जब उन्होंने ऑटो को चेकिंग के लिए रोका तभी ड्राइवर से पूछताछ के दौरान सीट पर बैठा यात्री घबरा गया और उतरकर भागने लगा. पुलिस से के मुताबिक यात्री की उम्र 40 के आसपास लग रही थी. पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें यात्री पर शक नहीं हुआ था. उन्होंने कहा कि ड्राइवर जैसे ही पुलिस को ऑटो के डॉक्युमेंट दिखा रहा था, तभी ऑटो में सवार यात्री उतरकर तेजी से चलने लगा. उन्होंने बताया कि थोड़ी देर बार वह भागने लगा. इसकी वजह से पुलिस टीम को शक हुआ और उसने पीछा किया. पुलिस अधिकारी ने कहा कि आदमी ने अपना बैग एक बिल्डिंग में फेंक दिया और तांबरम जाने वाली ट्रेन में घुस गया. हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही ट्रेन स्टेशन से निकल गई, जिसके चलते वह शख्स को नहीं पकड़ पाए. उन्होंने बताया कि उन्हें बैग के अंदर से 2 किलो के गोल्ड बिस्किट मिले हैं. इसके अलावा पुलिस अधिकारी ने कहा कि जांच में पता चला है कि व्यक्ति रामनाथपुरम से एक बस से शहर में आया था. ऑटो चालक ने उन्हें बताया कि उसने वॉशरमैनपेट जाने के लिए ऑटो किराए पर लिया था. पुलिस को अंदेशा है कि यह तस्करी का मामला हो सकता है. इसके अलावा उन्होंने सोना आयकर विभाग को सौंप दिया है.

### मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत



दिल्ली शराब नीति मामले में जेल में बंद आप नेता और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई. मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया. जहां अदालत ने उन्हें 17 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में रखने का आदेश दिया. सीबीआई की ओर से पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ने अदालत को बताया कि जांच अहम मोड़ पर है. इसलिए हम सिसोदिया की न्यायिक हिरासत की अवधि बड़ाने की मांग कर रहे हैं. मनीष सिसोदिया की कोर्ट में पेशी के दौरान, क्रमुख्यालय पर कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. पुलिस ने सुरक्षा के लिए राउ एवेन्यु कोर्ट और बीजेपी मुख्यालय से पहले पुलिस बैरिकेड लगाए हैं. इसके पहले पिछले महीने दिल्ली की विशेष सीबीआई अदालत ने सिसोदिया की जमानत याचिका को खारिज कर दी थी. तब आप ने कहा था कि वह निचली अदालत के फैसले के खिलाफ मनीष सिसोदिया दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे. दिल्ली की नई शराब नीति में भ्रष्टाचार के आरोप में सीबीआई ने मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था.

## ट्रेन में शख्स ने पेट्रोल डाल तीन लोगों को जिंदा फूंका

**नई दिल्ली।** केरल के कोझिकोड में एक रोंगटे खड़े करने वाला मामला सामने आया है. कोझिकोड में रविवार (2 अप्रैल) को एक एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़ने को लेकर हुए झगड़े में एक शख्स ने यात्री को आग लगा दी. रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक आग में कई लोग झुलस गए और हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई. रेलवे अधिकारी ने बताया कि आग की वजह से अलप्पुझा-कन्नूर एग्जिक्यूटिव एक्सप्रेस के यात्रियों ने आपातकालीन चेन खींची थी. जिसके बाद ट्रेन धीमी होने पर आरोपी शख्स फरार हो गया. उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है. रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक घटना रविवार रात करीब नौ बजकर 45 मिनट पर हुई जब ट्रेन कोझिकोड शहर को पार करने के बाद कोरापुझा रेलवे पुल पर



पहुंची थी. इसी दौरान ट्रेन में बैठने को लेकर दो लोगों में ल?ाई हो गई और शख्स ने दूसरे यात्री को आग लगा दी. पुलिस ने कहा कि हादसे में कम से कम आठ लोग झुलस गए है. उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद घायलों को अस्पतालों में भेजा गया. पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब ट्रेन कन्नूर पहुंची, तो कुछ यात्रियों ने घटना के बाद एक महिला और एक बच्चे के लापता होने की शिकायत की. उन्होंने कहा कि लापता व्यक्तियों की खबर सामने आने के बाद पटरियों का निरीक्षण किया गया जहां उन्हें महिला और बच्चे सहित तीन शव बरामद हुए. उन्होंने बताया कि मरने वालों की पहचान मत्तनूर निवासी रहमत, उसकी बहन और उसकी दो साल की बेटी के रूप में हुई है. पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्हें संदेह है कि आग देखकर वे ट्रेन से गिर गए या उतरने की कोशिश की थी. इसके अलावा पुलिस को मामले में टेरर एंगल होने का शक है, क्योंकि पटरियों से एक बैग बरामद हुआ था जिसमें पेट्रोल की एक और बोतल और दो मोबाइल फोन थे.

### राहुल गांधी को मिली जमानत

## बहन प्रियंका गांधी के साथ पहुंचे हैं सूरत कोर्ट



निचली अदालत के फैसले को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सूरत की सेशंस कोर्ट में चुनौती दी है. सोमवार को राहुल गांधी के वकील ने अपील फाइल की. सूरत कोर्ट ने राहुल गांधी को जमानत दे दी है. 13 अप्रैल को अगली सुनवाई होगी. राहुल गांधी भी सुनवाई के लिए सूरत कोर्ट पहुंचे थे. राहुल गांधी के साथ उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी सूरत पहुंची. साथ ही कांग्रेस शासित तीन राज्यों के मुख्यमंत्री और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी गुजरात पहुंचे हैं. सूरत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा की कोर्ट ने मोदी सरनेम को लेकर राहुल गांधी की ओर से की गई एक टिप्पणी के संबंध में दायर आपराधिक मानहानि के मुकदमे में उन्हें 23 मार्च को दोषी करार देते हुए दो साल के कारावास की सजा सुनाई थी. हालांकि, अदालत ने राहुल गांधी को उसी दिन जमानत भी दे दी थी और उनकी सजा के अमल पर 30 दिन के लिए रोक लगा दी थी, ताकि वह ऊपरी अदालत में अपील दाखिल कर सकें. सूरत की अदालत की ओर से दोषी ठहराए जाने के बाद, लोकसभा सचिवालय ने 24 मार्च को एक अधिसूचना जारी कर राहुल गांधी को संसद की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया था. लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के बाद राहुल गांधी आठ साल तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे, बशर्ते कोई उच्च अदालत उनकी दोषसिद्धि और सजा पर रोक न लगा दे. राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने उस टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उन्होंने कहा था कि सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों है.

## दिगम्बर-श्वेतांबर ने पहली बार निकाली एक साथ अहिंसा पदयात्रा

**नई दिल्ली।** सकल जैन समाज के दोनों प्रमुख घटक दिगम्बर जैन और श्वेतांबर के सामुहिक प्रयास से पहली बार दोनों घटक एक साथ एक शोभायात्रा में शामिल हुए. अहिंसा पदयात्रा नए कोटा क्षेत्र में निकाली गई. पदयात्रा में नगरीय विकास और स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल करीब 5 किमी पैदल चले. अहिंसा, शांति और एकता का संदेश लेकर पदयात्रा शहर के क्षेत्रों से निकाली गई. महिलाओं के हाथों में भगवान महावीर के सिद्धांतों के संदेश लिखी तख्तियां थी वहीं बालिका और युवा मण्डल भजनों पर थिरकते हुए चल रहे थे. पुरुष वर्गों के हाथों में धर्म ध्वजा थी जिसे लेकर भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए पुरुष आगे बड़े. पदयात्रा के साथ भजन मंडली, डी जे साउंड भी था जिसपर आध्यात्मिक पाठशाला के नन्हे मुन्ने भक्ति नृत्य करते चल रहे थे. पदयात्रा मार्ग में 108 स्वागत द्वार बनाकर पूरे मार्ग में रंगोली सजाई गई. सड़कों के दोनों और लोग पदयात्रियों का स्वागत करते नजर आए. पदयात्रा 5 किमी का सफर तय करके दानबाड़ी पहुंची जहां सभा में बदल गई. जिसमें बारी बारी से दोनों समाजों के पदाधिकारियों ने सभा को सम्बोधित कर पदयात्रा में जैन समाज की एकता को देख हर्ष व्यक्त किया और भगवान महावीर के संदेशों पर प्रकाश डाला. नगरीय विकास



और स्वायत्त शासन मंत्री धारीवाल ने कहा कि जैन समाज अपने संविधान में आवश्यक रूप से दर्ज कर लें कि सदैव समाज की एकता के लिए इस तरह के कार्यक्रम निश्चित तौर पर किए जाएं और दानबाड़ी में इस तरह कार्यक्रम सदैव इसी मंच से होते रहें. साधु सेवा समिति की ओर से शहर की 45 इंदिरा रसोई के माध्यम से जरूरतमंद लगभग 10 हजार लोगों को मुंह मीठा कराकर भोजन कराया गया. पिछले काफी समय से राजस्थान में निजी चिकित्सकों की चल रही हड़ताल के कारण सरकारी अस्पतालों खासतौर पर महाराव भीमसिंह और जे.के. लोन अस्पताल में अच्छी खासी भीड़ है. इसी के चलते दोनों अस्पतालों में ही लगभग डेढ़ दो हजार लोगों ने भोजन किया. भगवान महावीर का जन्म कल्याणक चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को बिहार के वैशाली नगर के कुण्डलग्राम में पिता सिद्धार्थ और माता त्रिशला के घर में हुआ था. भगवान महावीर स्वामी ने अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह का सिद्धांत बताया. 72 वर्ष की आयु में भगवान महावीर को पाँवापुरी से निर्वाण प्राप्त हुआ. प्रत्येक चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को सम्पूर्ण विश्व में भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक मनाया जाता है.

## बोलोगे तो भुगतोगे, सूरत कोर्ट जा रहे राहुल गांधी पर केंद्रीय मंत्रियों का तीखा अटैक



मोदी सरनेम को लेकर हुए मानहानि मामले में दो साल की सजा के खिलाफ राहुल गांधी ने सोमवार (3 अप्रैल) को सूरत की सेशंस कोर्ट में याचिका दायर कर दी है. बीजेपी ने इसे पूरी तरह से नौटंकी बताया है. केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि 2019 में कोलार में कौन बोला, राहुल गांधी बोले. बीजेपी ने बोलने के लिए कहा था क्या लंदन में जाकर कौन बोला। अब आप बोलोगे तो भुगतोगे भी. वहीं, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि राहुल ने एक बार नहीं, बल्कि कई बार पिछड़ों का अपमान करने का काम किया है. दुख इस बात का है कि कांग्रेस माफी मांगना तो दूर, दबाव बनाने और डराने का काम कर रही है. जब 3 साल थे तब तो इनके साथ कोई नहीं गया.

## तमिलनाडु में खुद का टीवी चैनल लेकर आ रही बीजेपी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी जल्द ही तमिलनाडु में अपने केरल टेलीविजन चैनल का विस्तार करेगी. राज्य में सत्तारूढ़ डीएमके और विपक्षी एआईएडीएमके दोनों के पास भी दशकों से टीवी चैनल हैं. बीजेपी के एक वरिष्ठ राज्य पदाधिकारी ने कहा कि अप्रैल 2015 में लॉन्च किए गए केरल के जनम टीवी को इसी नाम से तमिलनाडु में विस्तारित करने का फैसला लिया गया है. पदाधिकारी ने कहा कि यह वही टीम होगी जो यहां चैनल चला रही है और हम उनका समर्थन करेंगे और इसका तमिल वर्जन बहुत जल्द शुरू होगा. पार्टी के नेताओं ने कहा कि जब बीजेपी तमिलनाडु के अध्यक्ष के अन्नामलाई इस महीने के अंत में अपनी पदयात्रा शुरू करेंगे तब चैनल के शुरू होने की संभावना है. हालांकि, अन्नामलाई 10 मई को होने वाले कर्नाटक चुनाव में व्यस्त हैं, इसलिए चैनल के लॉन्च के



साथ उनकी पदयात्रा स्थगित भी हो सकती है. इतना साफ है कि इसे 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले ऑन एयर कर दिया जाएगा. यह राज्य में पैठ बनाने के बीजेपी की कोशिशों में से एक है जहां एआईएडीएमके के साथ गठबंधन में होने के बावजूद भगवा पार्टी के रूप में इसकी छवि को समर्थन नहीं मिला. दिसंबर 2016 में जे जयललिता के निधन के बाद 2017 में शुरू हुआ यह गठबंधन समय के साथ खट्टा होता जा रहा है. केरल में जनम टीवी के लॉन्च के तीन साल बाद, यह सितंबर 2018 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सबरीमाला मुद्दे के कवरेज के दौरान नंबर 2 पर पहुंच गया. ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल ने उस वक्त आंकड़े जारी किए थे जिसमें मार्केट लीडर एशियानेट न्यूज पहले नंबर पर रहा और उसके बाद जनम टीवी रहा.

### अमृता फडणवीस रिश्वत मामले में

## सटोरिए अनिल जयसिंघानी की याचिका खारिज

बंबई हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृत फडणवीस को ब्लैकमेल करने और रिश्वत देने के कथित प्रयास के मामले में संदिग्ध सटोरिये अनिल जयसिंघानी की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उसकी याचिका सोमवार को खारिज कर दी. जयसिंघानी ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए कोर्ट में चुनौती दी थी. जस्टिस ए एस गडकरी की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि याचिका में कोई आधार नहीं है, इसलिए इसे खारिज किया जाता है. दरअसल, दक्षिण मुंबई के मालाबार थाने ने कथित तौर पर कुछ ऑडियो और वीडियो क्लिप सार्वजनिक करने की धमकी देने के मामले में अनिल जयसिंघानी और उसकी बेटी अनिष्का जयसिंघानी के खिलाफ 20 फरवरी को एफआईआर दर्ज की थी. क्लिप में कथित रूप से अमृता फडणवीस के अनिष्का से फायदा उठाने की कोशिश करने की बात प्रदर्शित होने



का दावा किया गया. इसके बाद अनिल जयसिंघानी और अनिष्का जयसिंघानी पर आईपीसी और भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया. आपको बता दें कि अनिष्का को इस मामले में 17 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और एक सत्र अदालत ने 27 मार्च को उसे जमानत दे दी थी. अनिल जयसिंघानी को बाद में मुंबई पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार किया और वह न्यायिक हिरासत में है. अनिल जयसिंघानी ने हाई कोर्ट में अपनी याचिका में दावा किया था कि उसे मामले में 19 मार्च को अवैध तरीके से गिरफ्तार किया गया था, लेकिन कानूनी अनिवार्यता के अनुसार 24 घंटे के अंदर कोर्ट में पेश नहीं किया गया. वहीं अनिल के वकील मृगेंद्र सिंह ने दलील दी थी कि उसे गिरफ्तारी के 36 घंटे बाद मुंबई की कोर्ट में पेश किया गया था. मृगेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि मामले में हर चीज पर शिकायतकर्ता के पति नजर रख रहे हैं जो महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री हैं. राज्य के महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पुलिस ने पूरी प्रक्रिया का पालन उचित तरीके से किया और जयसिंघानी को रिमांड के लिए कोर्ट में पेश करने में कोई देरी नहीं हुई.

# पांच हजार के इनामी फरारी बदमास के करौंदी मे बने अबैध निर्माण को किया जमीदोश शिवपुरी के नवागत पुलिस अधीक्षक माफियाओं के बिरुद्ध हुये सक्रिय





**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदोरिया के पद ग्रहण करते ही जिले में आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त लोगों के बिरुद्ध शक्ति से कार्यवाही की जा रही हैं । आज दिनांक को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन मे शिवपुरी पुलिस ने माफियाओं पर की ताबड़तोड़ कार्रवाई, फिजिकल थाना क्षेत्र करौंदी कॉलोनी में रहने वाला अज्जू पंडित उर्फ अजय शर्मा पुत्र हरिराम शर्मा निवासी दुर्गापुरी चन्द्रवनी नाका झाँसी रोड ग्वालियर का करौंदी कालोनी शिवपुरी मे अवैध निर्मित मकान को पुलिस एवं प्रसाशन द्वारा तोड़ा गया । उक्त आरोपी पर 24 से अधिक आपराधिक प्रकरण पंजीपद्ध है । पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त आरोपी पर ?5000 का इनाम भी घोषित किया था । उक्त कार्यवाही के दौरान स्ढरू श्री अंकुर गुप्ता, एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव, थाना प्रभारी कोतवाली टीआई अमित भदोरिया, यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव, फिजिकल थाना प्रभारी अरविंद छारी, नगरपालिका का अमला व पुलिस बल उपस्थित रहे ।

### खनियाधाना पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

# पुलिस थाना खनियाधाना द्वारा पकड़ी 1,50,000 रुपये की शराब व शराब बनाने के सामान 5000 लीटर लहान किया नष्ट

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिह भदौरिया द्वारा अवैध शराव की विक्री के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है, उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी पिछोर श्री प्रशान्त शर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 03.04.2023 की रात्रि को थाना खनियाधाना पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम नदनवारा मे एक व्यक्ति तालाब के किनारे अवैध रुप से हाथ भट्ठी की बनी कच्ची शराव उतार रहा है उक्त सूचना पर से दविश दी गई तो आरोपी निवासी ग्राम नदनवारा के कब्जे दो नीले रंग की 50-50 लीटर की कैनो मे 80 लीटर हाथ भट्ठी की बनी कच्ची शराव, दो प्लास्टिक के ड्रम जिनमे लहान भरा था, शराव बनाने का एक



लोहे का ड्रम, दो एल्यूमीनियम का देगचा कीमती करीव 50,000 रुपये की बरामद की गई व तीन खाली प्लास्टिक के ड्रमो को विधिवत जप्त किया गया व मौके पर 5,000 लीटर गुड़ व महुआ का लहान जो प्लास्टिक के ड्रमो मे व जमीन पर गड्ढो मे भरा था कीमती 1,00,000 रुपये का जिसे मौके पर नष्ट किया गया उक्त आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 177/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया आरोपी से अन्य आरोपियो के सम्बंध मे पूछताछ की जा रही है । आरोपी शराव माफिया है पूर्व से शराव के तीन अपराध पंजीबध्द है आरोपी का निम्नलिखित आपराधिक रिकार्ड है ।उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सुरेश शर्मा, उनि़ अशोकबाबू शर्मा मय सउनि़ कमलकिशोर सैंथिया , मय सउनि अरुण वर्मा सउनि़ पुरषोत्तम पटेल आर. 621 बनवारी ,आर. 671 रवि ,आर. 781 हेमसिंह , आर .1073 अनूप, आर.चा. 858 सत्यवीर ,सै 280 रामनिवास की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया ,अति.पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया,एसडीओपी श्री संजय चतुर्वेदी के निर्देश पर

### दिनारा थाना प्रभारी रामराजा तिवारी एवं चौकी प्रभारी सतीश जयंत



**माननीय न्यायालय करैरा के प्रकरण क्रमांक 1993/2014 में 9 वर्ष से**

फरार चल रहे स्थाई वारंटी रामदास परिहार पुत्र सरमन परिहार उम्र 40 साल निवासी ग्राम खिरिया जागीर हाल ग्राम कडोरा लोधी थाना दिनारा जिला शिवपुरी को*थनरा चौकी प्रभारी सतीश जयंत ने 03/04/2023 को 10ः00 बजे ग्राम सेमरा रोड से गिरफ्तार कर आज दिनांक 03/04/2023 को माननीय न्यायालय करेरा में पेश किया जा रहा है * !गिरफ्तार करने वाले चौकी प्रभारी स.उ.निरी. सतीश जयंत, आर130 .अंकित सिंह,आर 1152 मधुर श्रीवास्तव सैनिक 270 यशपाल यादव की सराहनीय भूमिका रही !

# पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा महिला संबंधी अपराधों मे कमी लाने हेतु शुरु किया महिला जागरुकता अभियान,

### पुलिस द्वारा आज ग्वालियर वायपास स्थित क्षात्रावास मे बालिकाओं को किया जागरूक

**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदोरिया के निर्देशन और अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया के मार्गदर्शन में डीएसपी महिला अपराध श्री प्रशांत शर्मा एवं थाना प्रभारी महिला थाना उनि. कोमल परिहार द्वारा जिले में महिला सुरक्षा अभियान के तहत छात्र एवं छात्राओं में जागरूकता लाने के लिए कॉलेजों/स्कूलों/कोचिंग्स में जाकर शिवपुरी पुलिस द्वारा छात्र और छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है।महिलाओं के साथ बदसलूकी व छे?खानी समेत अन्य घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए शिवपुरी पुलिस द्वारा छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत महिला महाविद्यालयों /स्कूलों /कोचिंग्स में सभा के माध्यम से बालिकाओं व किशोरियों को



आत्मरक्षा के प्रति सजगता बरते जाने के गुर बताये जा रहे हैं। दिनांक 03.04.2023 को डीएसपी महिला अपराध श्री प्रशांत शर्मा एवं थाना प्रभारी महिला थाना उनि. कोमल परिहार द्वारा ग्वालियर वायपास स्थित अनु.जाति जनजाति क्षात्रावास मे छात्राओं को अपनी आत्मरक्षा हेतु जागरूक किया गया । छात्राओं को अपने अधिकारों एवं पोक्सो एक्ट के बारे में भी विस्तृत रूप से समझाइस दी, कि कैसे गुड टच और बैड टच को समझें और अपने परिजनों को बताकर ऐसा करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करें, एवं सोशल मीडिया पर अपनी फोटो, व्हीडियो एवं अन्य जानकारी शेयर न करने की समझाइस दी एवं उसके दुषपरिणामों को समझाते हुये शोसल मीडिया से डील करना बताया ।

### शिवपुरी पुलिस की अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्यवाही जारी,

# पुलिस चौकी खोड़ द्वारा एक आरोपी को 315 बोर के कट्टे एवं दो जिंदा राउंड के साथ किया गिरफ्तार



**राकेश परिहार रिपोटर पिछोर**

**शिवपुरी** पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदोरिया के द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी थाना प्रभारी विशेष अभियान चलाते हुए अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी नजर रखते हुए शांति व्यवस्था को बनाए रखें, जिससे समाज में बदमाशों के डर को पूरी तरह से खत्म किया जा सके । इसी क्रम में अति. पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं पिछोर एसडीओपी श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन मे कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी खोड़ उनि. अंशुल गुप्ता एवं उनकी पुलिस टीम ने एक आरोपी को 315 बोर के कट्टे व दो जिंदा राउण्ड के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही की है ।

# पांच हजार के इनामी फरारी बदमास के करौंदी मे बने अबैध निर्माण को किया जमीदोश

### शिवपुरी के नवागत पुलिस अधीक्षक माफियाओं के बिरुद्ध हुये सक्रिय



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदोरिया के पद ग्रहण करते ही जिले में आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त लोगों के बिरुद्ध शक्ति से कार्यवाही की जा रही हैं । आज दिनांक को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन मे शिवपुरी पुलिस ने माफियाओं पर की ताबड़तोड़ कार्रवाई, फिजिकल थाना क्षेत्र करौंदी कॉलोनी में रहने वाला अज्जू पंडित उर्फ अजय शर्मा पुत्र हरिराम शर्मा निवासी दुर्गापुरी चन्द्रवनी नाका झाँसी रोड ग्वालियर का करौंदी कालोनी शिवपुरी मे अवैध निर्मित मकान को पुलिस एवं प्रसाशन द्वारा तोड़ा गया । उक्त आरोपी पर 24 से अधिक आपराधिक प्रकरण पंजीपद्ध है । पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त आरोपी पर ?5000 का इनाम भी घोषित किया था । उक्त कार्यवाही के दौरान स्ढरूश्री अंकुर गुप्ता, एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव, थाना प्रभारी कोतवाली टीआई अमित भदोरिया, यातायात प्रभारी रणवीर सिंह यादव, फिजिकल थाना प्रभारी अरविंद छारी, नगरपालिका का अमला व पुलिस बल उपस्थित रहे ।

# पुलिस थाना खनियाधाना द्वारा रात्री मे अवैध डीजे बजाने वाले के विरूध्द एफआईआर दर्ज कर डीजे मशीन को किया जप्त

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिह भदौरिया द्वारा अवैध रुप से डीजे बजाने वालों के विरूध्द परीक्षाओ को ध्यान मे रखते हुये कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था, उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी महोदय पिछोर श्री प्रशान्त शर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 03.04.2023 की रात्रि 03.00 बजे नदनवारा से आते समय कुन्दोली गांव के पास रोड पर एक महिन्द्रा जीप जिसके ऊपर डीजे साउण्ड सिस्टम कसा हुआ था जो निर्धारित ध्वनि से अधिक जोर जोर से डीजे बजा रहा था वाहन चालक से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम नीलम लोधी पुत्र रामस्वरुप लोधी उम्र 23 साल निवासी ग्राम कुन्दोली थाना खनियाधाना का होना बताया डीजे के सम्बंध मे पूर्व मे भी थाना खनियाधाना पुलिस द्वारा थाने पर मीटिग वुलवाई जाकर सभी को श्रीमान जिलाधीश जिला शिवपुरी के आदेस से अवगत कराया गया था फिर भी आरोपी नीलम लोधी के द्वारा अपनी महिन्द्रा जीप जिसके ऊपर डीजे साउण्ड सिस्टम लगाकर निर्धारित ध्वनि से अधिक ध्वनि मे डीजे बजाता हुआ पाया गया जिस पर से आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 178/2023 धारा 15 कोलाहल अधिनियम का कायम कर विवेचना मे लिया गया उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सुरेश शर्मा, उनि़ अशोकबाबू शर्मा मय सउनि़ कमलकिशोर सैंथिया , मय सउनि अरुण वर्मा सउनि़ पुरषोत्तम पटेल आर. 621 बनवारी ,आर. 671 रवि ,आर. 781 हेमसिंह , आर .1073 अनूप, आर.चा. 858 सत्यवीर ,सै 280 रामनिवास की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।




# मथुरा वृंदावन नगर निगम क्षेत्र में बिना लाइसेंस के पान बीड़ी सिगरेट तंबाकू बेचना अब दंडनीय अपराध माना जाएगा

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन नगर निगमक्षेत्र में बिना लाइसेंस के पान बीड़ी सिगरेट तंबाकू बेचना अब दंडनीय अपराध माना जाएगा। छोटे हो या बड़े दुकानदार सभी को लाइसेंस नगर निगम से लेना होगा अन्यथा उनको जुर्माना भरना पड़ेगा इसके अलावा दुकान में मौजूद सामग्री जब्त की जाएगी। लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया के अंतर्गत सोमवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी पुलकित खरे और नगर आयुक्त अनुनय झा द्वारा तीन तंबाकू विक्रेताओं को लाइसेंस जारी किए गए। लाइसेंस लेने का नियम 1 अप्रैल से मथुरा वृंदावन क्षेत्र में लागू हो गया है। कोटपा अधिनियम-2003 एवं नगर निगम मथुरा-वृन्दावन तम्बाकू उत्पाद नियन्त्रण लाइसेंस उपविधि 2021 के प्रावधानों के अन्तर्गत सोमवार को जिलाधिकारी एवं नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम क्षेत्र में तीन तम्बाकू लाइसेंस आवेदक रवि यादव पुत्र सुरेश यादव दुकान विक्रय केन्द्र, सिविल लाईन भूरी सिंह पुत्र स्व. निनुआ दुकान विक्रय केन्द्र टाउनशिप चौराहा व प्रमोद कुमार पुत्र मनोहर लाल दुकान विक्रय केन्द्र रेलवे स्टेशन रोड धोली प्याउ को लाईसेंस वितरित किये गये।इस संबंध में नगर आयुक्त श्री झा ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश में सर्वप्रथम नगर निगम लखनऊ तथा द्वितीय चरण में नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा तम्बाकू वितरण हेतु लाईसेंस जारी किये जा रहे है। नगर निगम क्षेत्र में बिना लाईसेंस प्राप्त किये तम्बाकू बेचना प्रतिबंधित होगा। इसके साथ स्कूल एवं कॉलेज से 200 मीटर उपरान्त की लाईसेंस प्राप्त कर तम्बाकू बेचने की अनुमति होगी।उन्होंने बताया प्रथम बार में 2000 रु जुर्माना व सामग्री जब्त दूसरी बार में 5000 रु जुर्माना व सामग्री जब्त तीसरी बार में 5000 रु जुर्माना व सामग्री जब्त

## आज मौ नगर में जैन समाज द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ. बेताल सिंह गौड़**

आज मौ नगर में शोभा यात्रा निकालकर जैन समाज द्वारा महावीर स्वामी जी की जयंती मनाई गई समस्त नगर में भ्रमण करते हुए शोभायात्रा का समापन जैन मंदिर मौ में किया गया इस बीच उपस्थित रहेभारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य जी अपने कार्यकर्ताओ के साथ महावीर स्वामी जी की जयंती पर शोभा यात्रा में शामिल हुए और जैन समाज को बधाई दी।

## जैन धर्म जियो और जीने दो के सिद्धांत का पालन करने वाला धर्म है:नरेंद्र सिंह कुशवाह

**पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि जैन धर्म 'जियो और जीने दो' के सिद्धांत का पालन करने वाला धर्म है। भगवान महावीर का प्रकृति से गहरा संबंध रहा था। उन्होंने जंगल में जीव-जंतु ही नहीं वरन् पेड़-पौधों के बीच रह कर अपनी साधना की थी तथा ऋजुपालिका नदी के किनारे एक शाल के पेड़ के नीचे ही उन्हें आत्मज्ञान (केवल ज्ञान) की प्राप्ति हुई थी। जैन धर्म की पवित्र पुस्तकों (आगमों) में न केवल जीव-जंतु बल्कि पेड़-पौधों पर दया करने का उपदेश दिया गया है। पृथ्वी (मिट्टी), जल, वायु, वनस्पति और अग्नि सभी में जीवन है। इन सभी को हानि नहीं पहुंचानी चाहिए तथा इन्हें नष्ट होने से बचाना चाहिए। जैन धर्म में प्रकृति के उपभोग की बजाय उपयोग करने का उपदेश दिया गया है। यह उद्गार उन्होंने नगर पंचायत उमरी में आयोजित जैन समाज के भगवान महावीर जयंती के अवसर पर निकाले गए चल समारोह एवं धार्मिक अनुष्ठान के तहत मुख्य अतिथि की आशीष से बोलते हुए व्यक्त किए।श्री कुशवाह ने जैन समाज द्वारा आयोजित धार्मिक कहा की किसी एक तत्व के असंतुलन से समूचा पर्यावरण प्रभावित होता है। आज देश के सभी




बड़े शहर प्रदूषित हो रहे हैं। उनके प्रदूषण से जन-जीवन पर संकट आ गया है। ऐसे में जैन धर्म का संदेश विशेष महत्व रखता है। वर्तमान अशांत, आतंकी, भ्रष्ट, हिंसक और प्रदूषित वातावरण में महावीर की अहिंसा ही शांति प्रदान कर सकती है। महावीर की अहिंसा केवल सीधे वध को ही हिंसा नहीं मानती है, अपितु मन में किसी के प्रति बुरा विचार भी हिंसा है। वर्तमान युग में प्रचलित नारा 'समाजवाद' तब तक सार्थक नहीं होगा, जब तक आर्थिक विषमता रहेगी। एक ओर अथाह पैसा, दूसरी ओर शून्य जैसा अभाव।उन्होंने कहा कि इस असमानता की खाई को केवल भगवान महावीर का 'अपरिग्रह' का सिद्धांत ही भर सकता है। अपरिग्रह का सिद्धांत कम साधनों में अधिक संतुष्टि पर बल देता है। यह आवश्यकता से ज्यादा रखने की सहमति नहीं देता है। भगवान महावीर ने मानवता के हित की बहुत-सी बातें बताई हैं। जिनमें प्रमुख बातें निम्न हैं, जिसका सार है,दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा आप अपने साथ चाहते हैं। जिस प्रकार आप दुख पसंद नहीं करते, उसी तरह और लोग भी इसे पसंद नहीं करते। यह जानकर आपको उनके साथ वह नहीं करना चाहिए, जो आप उन्हें अपने साथ नहीं करने देना चाहते। जियो और दूसरों को जीने दो। सभी प्राणियों को जीवन प्रिय है। तू जिसे मारना चाहता है, (जिसको कष्ट व पीड़ा पहुंचना चाहता है) वह अन्य कोई तेरे समान ही चेतना वाला प्राणी है, ऐसा समझ। वास्तव में वह तू ही है।ऐसा सत्य वचन बोलना चाहिए जो हित, मित और ग्राह्य हो अर्थात जो सुखद हो और दूसरों के लिए हानिकारक न हो। यदि सत्य बोलने से किसी को चोट पहुंचने अथवा किसी की मृत्यु होने की संभावना हो तो चुप रहना बेहतर है। सभी प्रकार के व्यवहार में ईमानदार रहें। किसी को धोखा न दें। भगवान महावीर के संदेश को जैन समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें ताकि भगवान महावीर के विचार और सिद्धांतों की प्रेरणा जैन समाज ही नहीं सर्व समाज को मिल सके हम सब आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े। ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जैन समाज के शिखरजी एवं अन्य स्थानों को शामिल किया है और हमारे बुजुर्ग हमारी मातृ शक्ति इस योजना के तहत लाभ दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में शिखरजी का आंदोलन चला उसमें भी हमारी केंद्र और प्रदेश सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा करके जैन समाज को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा जैन धर्म में भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम एवं सभी देवताओं का उनके ग्रंथों में विचार सुनने को मिलता है संत एक समाज का नहीं सर्व समाज का होता है पुष्पदंत सागर महाराज विद्यासागर महाराज प्रतीक सागर महाराज का आशीर्वाद भी हमें मिलता रहे और समाज का मार्गदर्शन इसी प्रकार करते रहे पूर्व विधायक श्री कुशवाह को ऊमरी में आयोजित जैन समाज की मेला कमेटी ने पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया। श्री कुशवाह भगवान महावीर जयंती के चल समारोह में भी शामिल हुए और पैदल चलकर समाज का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर समाज के लोग काफी संख्या में मौजूद थे और जैन समाज के जलूस में शरीक होकर मंदिर पर पहुंचे जहां उनका सम्मान किया गया।

## वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज जी की पुण्यतिथि पर उन्हें माला समर्पित पर सादर नमन किया



हंदू जागरण मंच नगर परिषद मोहना मध्य भारत प्रांत ग्वालियर द्वारा वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज जी की पुण्यतिथि पर उन्हें माला समर्पित पर सादर नमन किया एवं उनके जीवन का वर्णन कर प्रकाश डालकर लोगों को जिला कार्यकारिणी सदस्य परमानंद मिश्रा ने विस्तार से जानकारी दीजिसमें मुख्य रुप से सीता चरण कटारे नरेंद्र मुन्ना चौबे पार्षद ग्वालियर जिला कार्यकारिणी सदस्य परमानंद मिश्रा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र धाकड़ कमल सिंह भदौरियासंदीप सक्सेना संतोष मिश्रा नंदू दीक्षित संजय मां जी,,भारत धाकड़ विष्णु धाकड़ मुकेश जोशी करण पाल गोलू गोस्र पवन धाकड़ सौरभ जादौन धीरज भदोरिया रवि धाकड़ सुरेश पाल सोनू सोनी कला धाकड़ राजू धाकड़ द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर सादर नमन किया जिसमें मुख्य रुप से ग्रामवासी व कार्यकर्ता मौजूद रहे

## बेरोजगारो का मददगार अल्पशिक्षित प्रकाश विश्वकर्मा

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।**आज भारतभर में करोड़ों की संख्या में लोग बेरोजगारी से जूझ रहे है, इसी के मद्देनजर देश के प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत का सपना संजोया, प्रधानमंत्री के उस सपने को सच्चे अर्थो में साकार करने की पहल करते हुए प्रकाश स्किल डेवलोपमेंट एज्यूकेसन ट्रस्ट बैंगलुरु ने अब तक लगभग 18000 युवाओं को मोबाइल एवं लेपटोप की तकनीक में पारंगत एवं आत्मनिर्भर बनाकर उनके व उनके परिवारजनों के लिये रोजगार के अवसर पैदा किये है। जबकि असल में इस एज्यूकेसन ट्रस्ट के प्रमुख प्रकाश विश्वकर्मा खुद दसवी तक भी नही पढ़ पाये।45 प्रशिक्षुओं के लिये आयोजित 20 दिवसीय कार्यशाला के समापन के अवसर पर राजस्थान के जोधपुर जिले के बिलाड़ा के मूल निवासी प्रकाश विश्वकर्मा ने कहा कि जन मानस के लिये कुछ करने का माद्दा और जुनून से न केवल मुझ स्वयं को अपितु हजारो प्रशिक्षुओं को इस उद्योग में महारत हासिल हुई। उन्होंने कहा कि जीवन का उद्धेश्य दूसरों की जिंदगी बनाना होना चाहिये। उन्होंने बताया कि उनके कौशल विकास




केंद्र से प्रशिक्षित न्यूज़ीलेंड, श्रीलंका, नेपाल, सऊदी अरब, वेस्टइंडीज, तंजानिया इत्यादि देशों में निष्ठापूर्वक कार्य कर अपना जीवन यापन कर रहे है साथ ही हजारो की संख्या मे प्रशिक्षकों ने निजी व्यापार शुरू समाज में हक से जीना सीखा है। इंस्टाग्राम पर तीन लाख फ़ॉलोअर वाले प्रकाश विश्वकर्मा के अनुसार जीवन में किताबी ज्ञान आवश्यक है परंतु सफलता में व्यावहारिक ज्ञान महत्वपूर्ण होता है।कार्यशाला समापन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने प्रशिक्षुओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभ कामनाएँ देते हुए जीवन पथ पर आगे बढ़ने के गुर बताये। उन्होंने कहा कि सफलता कोई जादू का डंडा नहीं है बल्कि मेहनत, त्याग, सकारात्मक सोच व केंद्रित ध्यान का परिणाम है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस संस्थान ने आपके हुनर को पहचाना एवं तराशा है अब आपकी बारी है कि आप अपने जीवन को किस रूप में ढालते है। कौशल विकास केंद्र के अनुसार सोशल मीडिया पर हमारे इस केंद्र की प्रसिद्धि को जानकर कर्नाटक-केरल के साथ साथ आसाम, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार जैसे राज्यों एवं नेपाल-भूटान जैसे देशों से प्रतिभागी प्रशिक्षण हेतु आ रहे है। कार्यशाला समापन पर सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर उद्योगपति संजय सिंघानिया, रोहित, भूपेन्द्र, रोबिन, महेंद्र, अखिलेश कुमार इत्यादि मौजूद थे।

## सतीश नामदेव हुए नामदेव समाज के अध्यक्ष नियुक्त

नगर परिषद मोहना में नामदेव समाज द्वारा समाज के युवा समाजसेवी सतीश नामदेव को सर्वसम्मति से समाज का मोहना क्षेत्र का अध्यक्ष बनाए जाने पर सतीश नामदेव एवं उनकी पूरी कार्यकारिणी को उनके निवास पर पहुंचकर भारतीय जन सेवा संगठन के सदस्यों ने स्वागत सम्मान फूल माला पहना कर किया एवं बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी इसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी पार्षद नरेंद्र मुन्ना चौबे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र धाकड़ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष परमानंद मिश्रा हिंदू



जागरण मंच कमल सिंह भदोरिया सुरेश पाल संदीप सक्सेना साहब खान गणेश शर्मा सोनू सोनी पातीराम नामदेव भागीरथ नामदेव पाती तनामदेव समाज के अन्य सभी समाज सेवी एवं भारतीय जन सेवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी

## श्री बिलावास गौशाला समिति द्वारा प्रमोद जैन भाया गोपालन एवं खान मंत्री राजस्थान सरकार का किया अभिनंदन



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।**श्री बिलावास गौशाला सेवा समिति द्वारा प्रमोद जैन भाया गोपालन एवं खान मंत्री राजस्थान सरकार का बिलावास गौशाला सेवा समिति द्वारा अभिनंदन किया गया ।आपने राजस्थान सरकार द्वारा विभिन्न गौशाला को मिलने वाले आर्थिक सहयोग की जानकारी प्रदान की ! संघ अध्यक्ष इंदर चंद बोहरा ने हाल ही में संपन्न हुए विराट गो भक्ति संध्या एवं कवि सम्मेलन की जानकारी प्रदान की । गौशाला सचिव नरेंद्र आच्छा ने गौशाला में आधारभूत योजना की रूपरेखा दी ! जैसा की विधित है गौशाला में लगभग 1200 गायो की सेवा प्रतिदिन की जा रही है आप ने बिलावास गौशाला मे निर्माण के प्रति आवश्यक राशि स्वीकृत करने की घोषणा भी प्रदान की। ।इस अवसर पर जीरावला ट्रस्ट के अध्यक्ष शा प्रकाशजी सिरौडी वालो का अभिनंदन किया गया । इस मौके पर रमेश बोहरा , प्रकाश राठौड़ , गोडवाड भवन के कुमारपाल सिसोदिया, सीताराम आदि गणमान्य महानुभाव उपस्थित थे !

## महावीर स्वामी की 26 22 वी जयंती पर मालनपुर में निकाला गया चल समारोह



**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2622 वा जन्म कल्याण महोत्सव आज मालनपुर की जैन समाज के अलावा समस्त समाज ने बढ़ चढ़कर महावीर स्वामी का चल समारोह में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया श्री श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष पदमचंद जैन व पूर्व अध्यक्ष राहुल जैन मार्गदर्शन में समस्त जैन समुदाय ने महावीर स्वामी जन्मोत्सव समारोह में भाग लिया एवं मालनपुर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह मावई ने मालनपुर थाना पुलिस के साथ खुद चल समारोह का मोर्चा संभाला शांतिपूर्वक समापन कराया समारोह महावीर दिगंबर जैन मंदिर हाईवे से मालनपुर थाने से पुरानी जिनालय सब्जी मंडी से वापस महावीर स्वामी मंदिर में समापन किया महावीर स्वामी भगवान की नारे लगाए अहिंसा परमो धर्म के प्रति आस्था जाहिर करते हुए जियो और जीने दो के इस जनमोउत्सव पर स्थानीय गणमान्य एवं राजनीतिक महानुभावों ने अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज कराई मेहताब सिंह गुर्जर ने 11 सो रुपए एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राय श्री मुकेश किरार ने ?500 से भगवान श्री आरती उतारकर भेंट किए महिला मंडल व बाल मंडल सब भजनों कीर्तन नाचते गाते हुए भाग लिया महावीर स्वामी का जन्म उत्सव ढोल नगाड़ा से मनाया इस अवसर पर पदमचंद्र जैनअध्यक्ष, राहुल जैन पूर्व अध्यक्ष, बीना राजेंद्र जैन पार्षद, सुरेंद्र जैन, मनोज जैन, अंकित जैन, विनय जैन, धर्मेंद्र जैन, राकेश जैन, टिल्लू जैन, विनोद जैन, रॉकी उर्फ अंकित जैन, जवाहर जैन, विक्की जैन ,सुरेंद्र जैन,( टुंडे) गोलू जैन, रविंद्र जैन ,आदि जैन समुदाय के लोगों ने भाग लिया

### सरकार की जनहितैषी योजनाओं को बताने के लिये किसान मोर्चा लगायेगा किसान चौपाल दैपुरिया

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत को विदेशों में बदनाम करने का षड्यंत्र रचा रहे हैं : देवेंद्र सिंह नरवरिया

**पुष्पांजली टुडे**

6 अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस के रूप में प्रत्येक बूथ केंद्र पर बनाएंगे कार्यकर्ता

मेहगांव । भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूरे प्रदेश भर में किसानों के बीच किसान पंचायत का आयोजन कर रही है। इसी बीच मेहगांव विधानसभा में भाजपा के स्थापना दिवस से किसान पंचायत का शुभारंभ किया जायेगा। इस प्रदेश व्यापी कार्यक्रम को लेकर किसान मोर्चा के द्वारा मेहगांव में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय दैपुरिया ने जानकारी देते हुये बताया कि मेहगांव विधानसभा में किसान मोर्चा 6 अप्रैल भाजपा के स्थापना दिवस से किसान चौपाल एवं ध्वज यात्रा प्रारंभ करेगी। और यह आयोजन प्रत्येक बूथ के अंदर पर बनाया जाएगा। मेहगांव विधानसभा के पूरे कार्यक्रम के संयोजक भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा उपेंद्र सिंह भदौरिया रज्जन भैया रहेंगें। जिनके नेतृत्व में यह यात्रा पूरे विधानसभा में चलेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया ने बताया कि इस यात्रा में प्रतिदिन 7 पंचायतों में कार्यक्रम होंगे इस प्रकार सभी पंचायतों में भाजपा की केंद्र



सरकार और राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के बारे में चर्चा की जाएगी। श्री नरवरिया ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की भाजपा सरकार है किसान हितैषी योजनाएं को संचालित करती हुई छोटे से छोटे किसान को आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस की पूर्व कमलनाथ सरकार ने किसान हितेषी सरकार बताकर उनके ही साथ छल कपट की राजनीति की कर्ज माफी के नाम पर एक भी किसान का कर्जा माफ नहीं हुआ। कहां शिवराज जी की सरकार आते ही किसानों के लिए अनेकों योजनाएं को संचालित कर हर ग्राम चौपाल पद तक विकास यात्राओं के माध्यम से पहुंचाने का काम किया है। नरवरिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जिस भारत में राहुल गांधी निवास करते हैं और विदेशों में जाकर के भारत को बदनाम करने का षड्यंत्र रचा कर 135 करोड़ की जनता को अपमानित करने का काम कर रहे हैं किसान चौपाल में भी कांग्रेस की कथनी और करनी को भी किसान मोर्चा के कार्यकर्ता उजागर करेंगे।प्रेसवार्ता के दौरान जिला भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक नीरज शर्मा, मंडल अध्यक्ष भाजपा गजेंद्र भदौरिया, युवामोर्चा जिला महामंत्री अतिराज नरवरिया, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अस्वनी त्यागी एनजीओ प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक अनूप लहारिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## चुनाव नजदीक आते ही सब याद आने लगा :डॉ गोविंद सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि



भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव नजदीक आ गया तो लाड़ली बहना,लाड़ली अम्मा,लाड़ली जिज्जी दिख रही हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुखिया को 18 साल से सरकार में बैठे हुए हो गए, तब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बिटिया,अम्मा,बहिने याद नहीं आई ।कांग्रेस नेता डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि भाजपा को मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में हार का डर सताने लगा है,डॉ सिंह ने कहा कि भाजपा की नाव में कई छेद हो गए हैं और वह डूबने वाली है भाजपा जान चुकी है,कि इस चुनाव के बाद उसका प्रदेश से जाना तय है, इसी के चलते प्रदेश के मुखिया श्री चौहान घोषणाएं करने में लग गए हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि शायद इन घोषणाओं के सहारे होने वाला विधानसभा चुनाव जीता जा सके। नेता डॉ सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की कारगुजारियों से तंग आ कर मध्यप्रदेश से भाजपा की सरकार को सत्ता से हटाने को तैयार है।डॉ सिंह ने कहा कि हकीकत यह है कि मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे हैं।

## भिण्ड जिले की पूनम भदौरिया बनी पहली एवं सीमा देवी बनी द्रितीय महिला सम्मान बचत पत्र धारक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**





**भिण्ड ।** नारी सशक्तिकरण की दिशा में भारत सरकार एवं डाक विभाग द्वारा प्रारंभ की गई महिला सम्मान बचत पत्र योजना का चंबल संभाग में शुभारंभ हुआ। भिण्ड की निवासी श्रीमती पूनम भदौरिया द्वारा 2 लाख रुपये की राशि महिला सम्मान बचत पत्र में निवेश कर चंबल संभाग की पहली महिला सम्मान बचत पत्र खाताधारक होने का गौरव प्राप्त किया। इसी प्रकार श्रीमती सीमा देवी द्वारा 1 लाख रुपये की राशि योजना में निवेश कर द्वितीय महिला बचत पत्र धारक बनीं। भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई महिला सम्मान बचत पत्र योजना में 7.5 की उच्च ब्याज दर पर सीमित अवधि के लिए है।

## सम्पादकीय

### महिला सशक्तिकरण



पुरुषों को उनकी कमजोरियों के लिए माफी मांगना सिखाया जाता है, महिलाओं को उनकी ताकत के लिए।÷ – लोइस वायस

सदियों से 'वह' शारीरिक रूप से कमजोर, सामाजिक रूप से पिछड़ी और आर्थिक रूप से वंचित मानी जाती रही है। पितृसत्तात्मक समाज में 'वह' सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में पुरुष प्रभुत्व का शिकार हो गई और उसे अपने निर्णय लेने की अनुमति दी गई। जब महिलाओं के पास अपने निर्णय लेने की स्वायत्तता और विकल्प होता है तो वे सशक्त होती हैं क्योंकि उनके पास निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं होता है, उन्होंने वर्षों से कठिनाइयों का सामना किया है। समय बदलने के साथ महिलाएं अपने प्रभाव के बारे में अधिक जागरूक हुईं। तब नारी मुक्ति का आन्दोलन शुरू हुआ। हालाँकि सभी महिलाओं को यह ध्यान रखना चाहिए कि सशक्तिकरण एक ऐसी चीज़ है जो उन्हें देने के बजाय अर्जित की जानी चाहिए। महिलाओं को यह भी सोचना चाहिए कि वे अपने जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सक्षम हैं और उन निर्णयों का पालन करने में सक्षम हैं।

क्यों महिला सशक्तिकरण÷महिला सशक्तिकरण÷ शब्द का आज अलग अर्थ है। महिलाओं को व्यक्तिगत, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, कानूनी और अन्य सभी क्षेत्रों में समान अधिकार देने का अर्थ है उन्हें अपने जीवन और करियर के बारे में चुनाव करने के लिए सशक्त बनाना। जब यह समझाने की बात आती है कि हमें इसकी आवश्यकता क्यों है, तब भी हमारे पास जाने का एक तरीका है। दुनिया भर में, लगभग सभी देशों में लगभग हर सभ्यता चाहे कितनी भी प्रगतिशील या बढ़ती हो, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने का अतीत रहा है। दक्षिण एशियाई देश विशेष रूप से भारत अभी भी महिला सशक्तिकरण के मामले में पिछड़ा हुआ है जबकि पश्चिमी राष्ट्र लगातार आगे बढ़ रहे हैं। पितृसत्तात्मक समाज के तहत महिलाएं आज जो मुकाम हासिल कर रही हैं, उसे हासिल करने के लिए पूरे इतिहास में विद्रोही रही हैं। पश्चिमी देशों के विपरीत भारत अभी भी उन देशों में शामिल है जहाँ महिलाएँ सुरक्षित नहीं हैं, इसके निम्नलिखित कारण हैं ङ्क पितृसत्तात्मक या पितृसत्तात्मक मानसिकता, दहेज मृत्यु, हिंसा और भेदभाव, विलंबित दंड, इसके अतिरिक्त महिलाओं की कम उम्र में शादी हो जाती है और वे उच्च शिक्षा हासिल नहीं कर सकती हैं और दुखद वास्तविकता यह है कि कई महिलाएं केवल विवाह से बचने के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करती हैं, पुरुष उन्हें किसी भी स्वतंत्रता या घर छोड़ने के अवसर से वंचित करते हैं।

**सशक्तिकरण के तरीके**–हम देख सकते हैं कि आज महिलाओं की मुक्ति कितनी महत्वपूर्ण है। हमें इन महिलाओं को अपने लिए खड़े होने और अन्याय का शिकार बनने से बचने के लिए आवश्यक उपकरण देने चाहिए। यह सरल नहीं है क्योंकि कुछ लोगों द्वारा महिला सशक्तिकरण को एक वास्तविकता बनाने के बावजूद, अधिकांश लोगों के लिए यह अभी भी अज्ञात क्षेत्र है। एक समुदाय के रूप में हमें लैंगिक समानता को संतुलित करने में हुई प्रगति को पहचानना चाहिए और उन कारणों को पहचानना चाहिए कि क्यों इस लड़ाई को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है। तथ्य यह है कि आज महिलाओं को सशक्त बनाने का परिणाम अधिक विकसित और उदार समाज के रूप में सामने आना चाहिए क्योंकि हम लैंगिक समानता के बारे में किसी भी बहस की जांच करते हैं।

**स्वाति त्यागी**
**बी. ऐ ऑनर्स राजनीति शास्त्र**
**एमिटी यूनिवर्सिटी, ग्वालियर**

# नहीं चाहिए ऐसी जानलेवा धार्मिकता...

**पटेल नगर सर्वोदय नगर स्नेह नगर के श्रद्धालुओं की भीड़ हवन में शामिल होने के लिये बढी और लोहे के गर्डर डाल कर बनी पुरानी छत सवा ग्यारह बजे भरभराकर गिर गयी. बस फिर क्या था इस छोटे से मंदिर में अफरा तफरी मच गयी. किसी को ये नहीं मालूम कि कितने लोग गिरे हैं और उन लोगों को निकाले कैसे. बावडी की दीवार से सटी सीढियां भी थीं कुछ ने उससे उतरने की कोशिश की मगर वो भी टूट रहीं थीं. पहले पुलिस फिर नगर निगम के बचाव दल के लोग जब आये तो किसी को ये भी नहीं मालूम था कि इस बावड़ी के कुएं की गहराई कितनी होगी, उसमें पानी है या कीचड़ भरा है. छोटी रस्सियां और सीढ़ियां काम नहीं आयीं. शुरुआत में ऊपर गिरे कुछ लोग निकाले गये तो भोपाल तक सरकार को खबर दी गयी कि सब सुरक्षित हैं, 18 लोग निकाल लिये गये हैं और भी जल्द ही निकाल लिये जायेंगे मगर ये क्या जीवित लोग निकलने के बाद जब लाशें निकलने का सिलसिला शुरू हुआ तो खत्म होने का नाम नहीं लिया. साठ फीट गहरी अंधेरी संकरी से बावड़ी में जब नगर निगम के प्रयास नाकाफी दिखे इंदौर के पास महू से सेना को बुलाया गया और शवों की जो गिनती 10 से 15 पर आकर अटक गयी थी वो सुबह होते होते 35 तक जा पहुंची.**

रामनवमी पर इंदौर के बेलेश्वर झूलेलाल मंदिर में 36 लोगों की मौत, वहीं पाटन में बागेश्वर धाम के आयोजन में एक बच्ची की दम घुटने से मौत और महाशिवरात्रि पर सिहोर के कुबेरेश्वर धाम के आयोजन में तीन लोगों की मौत हुई थी. लगातार चल रहा मौतों का ये सिलसिला हमें बता रहा है कि पिछले कुछ सालों में देश भर में बढ़ रही धार्मिकता की हमारा समाज कितनी बड़ी कीमत चुका रहा है. शायद ये अब हम सबको अहसास हो रहा है कि अचानक हमारे आस पास के मंदिरों में भीड बढने लगी है. सूने पड़े मंदिरो में सोमवार की सुबह जल चढ़ाने आने वालों की संख्या बढ गयी है. मंगलवार और शनिवार को आपके मोहल्ले के हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का कई घंटों का अखंड पाठ होने लगा है. रामनवमी पर निकलने वाले लंबे जुलूस. नवरात्रि पर निकलती चुनरी यात्राएं. महाशिवरात्रि पर सड़कों पर शिव बारात की यात्राएं. शहर में हर कुछ दिनों में होने वाली कथाएं और उनके विशाल पंडाल. कथावाचकों की विशाल शोभायात्राएं और साधु तपस्वी से ज्यादा उनका मान सम्मान होना. अलग अलग जगहों पर बने धाम के नाम पर मंदिरों में लगने वाली भारी भीड़ और वहां होने वाली अव्यवस्थाओं को धर्म के नाम पर सहन करना. बता रहा है कि मेरा देश बदल रहा है और कुछ ज्यादा ही धार्मिक हो रहा है. इंदौर हादसे की जड़ में भी यही बढती धार्मिकता है. जब शहर के सर्वोदय नगर के बेहद छोटे से शंकरे मंदिर में नवरात्रि की नवमी के रोज दुर्गा प्रतिमा के सामने हवन करने पटेल नगर और स्नेह नगर के लोग उमड़ पड़े, बिना ये जाने की जिस छोटी सी जगह पर बैठकर वो हवन की पूर्णाहुति कर रहे हैं. वहां उनको अपनी जिंदगी की आहुति देनी पड़ जायेगी. दरअसल, पटेल नगर के पार्क के सामने की जमीन पर एक छोटा सा महादेव का मंदिर था, जिसे श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट चलाता था. मंदिर से सटी ही बावडी थी जिसका उपयोग पार्क के पौधों को पानी देने के लिये किया जाता था. मगर टस्ट की नजर बावड़ी पर थी और कुछ साल में जैसे ही इस बावड़ी का पानी कम हुआ तो इसे लोहे के गर्डर पर सीमेंट बिछाकर ढ़क कर मंदिर का जीर्णोद्धार का नाम दे दिया गया. अब ये मंदिर शिव मंदिर के साथ ही दुर्गा मंदिर भी हो गया. बावड़ी को ढक कर उसके तीन तरफ देवी देवताओं की मूर्तियां रख दी गयीं. बात इतने पर ही नहीं रूकी. कुछ सालों में ही इस मंदिर



के पास ही दूसरा बड़ा मंदिर भी ट्रस्ट बनाने लगा अब इसका जब स्थानीय रहवासियों ने विरोध किया तो नगर निगम ने ट्रस्ट को नोटिस भेजे मगर ट्रस्ट से जुडे नेताओं की पैठ बीजेपी में बढ़ते ही ये नोटिस नकारा साबित हो गये. पार्क की जमीन पर पहले छोटा मंदिर फिर उससे लगा पार्षद कार्यालय वहीं एक बड़ा मंदिर और मंदिर के चारों तरफ की फेंसिंग भी लगा कर बडी जमीन कब्जे में कर ली गयी. यह सब चूंकि पार्क की जमीन पर हो रहा था तो विरोध भी हल्का ही हुआ. नगर निगम के नोटिस के जवाब में ट्रस्ट ने कहा कि ये मंदिर सौ साल पुराना है पार्क से पहले का और जिसका जीर्णोद्धार जनता कर रही है. टस्ट ने यह भी दावा किया कि मंदिर से लगी बावड़ी का बेहतर रखरखाव कर उसे जनता को स्वच्छ पानी देने की कोशिश की जा रही है. ये बावड़ी जो बंद है उसे खोलने की कार्रवाई जल्द की जायेगी. बताया गया कि इस नवरात्रि पर मंदिर से जुडे प्रबंधन ने बोला कि मंदिर की मूर्तियां आने वाले दिनों में नये बन रहे मंदिर में रख दी जायेंगी इसलिये इस बार हवन पूजन भव्य होना चाहिये.

नवमी के रोज हवन का आयोजन मां दुर्गा की मूर्ति के सामने उसी कंक्रीट की छत पर हुआ जिसके नीचे बावडी दबी थी. पटेल नगर सर्वोदय नगर स्नेह नगर के श्रद्धालुओं की भीड़ हवन में शामिल होने के लिये बढी और लोहे के गर्डर डाल कर बनी पुरानी छत सवा ग्यारह बजे भरभराकर गिर गयी. बस फिर क्या था इस छोटे से मंदिर में अफरा तफरी मच गयी. किसी को ये नहीं मालूम कि कितने लोग गिरे हैं और उन लोगों को निकाले कैसे. बावडी की दीवार से सटी सीढियां भी थीं कुछ ने उससे उतरने की कोशिश की मगर वो भी टूट रहीं थीं. पहले पुलिस फिर नगर निगम के बचाव दल के लोग जब आये तो किसी को ये भी नहीं मालूम था कि इस बावड़ी के कुएं की गहराई कितनी होगी, उसमें पानी है या कीचड़ भरा है. छोटी रस्सियां और सीढ़ियां काम नहीं आयीं. शुरुआत में ऊपर गिरे कुछ लोग निकाले गये तो भोपाल तक सरकार को खबर दी गयी कि सब सुरक्षित हैं, 18 लोग निकाल लिये गये हैं और भी जल्द ही निकाल लिये जायेंगे मगर ये क्या जीवित लोग निकलने के बाद जब लाशें निकलने का सिलसिला शुरू हुआ तो खत्म होने का नाम नहीं लिया. साठ फीट गहरी अंधेरी संकरी से बावड़ी में जब नगर निगम के प्रयास नाकाफी दिखे इंदौर के पास महू से सेना को बुलाया गया और शवों की जो गिनती 10 से 15 पर आकर अटक गयी थी वो सुबह होते होते 35 तक जा पहुंची. सुबह करीब सवा ग्यारह बजे उस सुनील सोलंकी का आखिरी शव निकला जिसने बचाव कार्य में हिस्सा लिया था. हादसे का शिकार इस मंदिर के सामने पटेल नगर की गली के छह घरों से जब बारह लाशें उठीं तो पत्थर दिल इंसान भी पसीज कर सुबक उठे. ये सारे लोग गुजराती समाज के थे जिन्होंने मंदिर और अतिक्रमण का विरोध किया था. जिसका जवाब ट्रस्ट के लोगों ने नगर निगम को 25 अप्रैल के पत्र में लिख कर दिया था कि प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार का विरोध किया गया तो उन्माद फैल जायेगा. आज मंदिर के आसपास की गलियों में उन्माद तो नहीं शोक फैला है. कांग्रेस नेता कमलनाथ शनिवार को जब इस इलाके में गये तो महिलाओं ने कहा कि इस मंदिर पर बुलडोजर चलना चाहिए जब जब इस मंदिर की घंटी बजेगी हमारा दुख बढेगा. सरकारी जमीन पर जबरिया कब्जा कर स्थानीय जनता के विरोध की अनदेखी कर ऐसे मंदिर बनाकर हम कैसा समाज बनाना चाहते है. इंदौर की दर्दनाक घटना के बाद इस पर गंभीरता से सोचना होगा.

# मेघालय में बीफ और तमिलनाडु में हिंदी विरोध पर भाजपा ने क्यों साधी चुप्पी

मेघालय में बीफ को स्वीकारना और कर्नाटक-तमिलनाडु में हिंदी का विरोध होने पर यह कहा जा रहा है कि भाजपा इसे होने दे रही है. मेरा मानना है कि ये दोनों बातें पूरी तरह से सत्य नहीं हैं. चूंकि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व का न तो बीफ पर बयान है और न ही इस समय जो तमिलनाडु में हिंदी की बात उठी है. ऐसा कहीं नहीं कहा गया है कि हम हिंदी को नहीं चाहते हैं. चूंकि विरोध करने का तो मतलब यही हुआ न कि हम हिंदी नहीं चाहते हैं. भारत विविधताओं से भरा देश है. बीजेपी का जो सांस्कृतिक राष्ट्रवाद या जिसको आरएसएस एक तरह से हिंदू राष्ट्र कहती है. जहां तक मैंने पढ़ा और समझा है उसमें कहीं नहीं है कि पूरे देश में एक धर्म और एक भाषा को लागू करने की बात नहीं है. एकरूपता कभी भी भारतीय संस्कृति का अंग रहा नहीं है. आज हम हर चीज में भाजपा को शामिल कर देते हैं. मान लिया जाए कि कल बीजेपी नहीं हो तो क्या सभी पार्टियां गौ-हत्या और गोमांस खाने की इजाजत दे देंगी या हिंदी का मुद्दा केवल क्या भाजपा से जुड़ा हुआ है? मूल बात यह है कि कुछ क्षेत्रों में जहां आदिवासी रहते हैं और उनकी अपने अनुसार जिंदगी रही है. कुछ तो अज्ञानता के कारण रही है और कहीं ऐसा वायुमंडल है कि जिसमें कई सारी चीजें चलती रही हैं. उसमें रिफॉर्म की जरूरत है. समाज में जागरूकता और शिक्षा का फैलाव, अपनी धर्म-संस्कृति का पहुंचना और आदिवासी जिसको हम बोलते हैं जो वाकई वनवासी हैं उनके बीच तो अंग्रेजों के समय ईसाई पहुंचने लगे और उनका ईसाईकरण हुआ. देश में ज्यादातर तो ईसाई बहुल क्षेत्र हैं वो आदिवासी ही हैं. उनके हिसाब से उनकी संस्कृति धनी है, वो ठीक है. मेघालय में भाजपा के जो अध्यक्ष हैं और वो वहां के बड़े नेता हैं. उन्होंने कहा है कि मैं तो यहां गोमांस खाता हूं और मुझे तो किसी ने रोका नहीं. मेरा कहना है कि कोई रोकेगा नहीं क्योंकि रोकने से कोई रोकता नहीं है. चूंकि, वहां का वातावरण ही कुछ ऐसा है. लेकिन धीरे-धीरे इस बात को समझाना कि गोमांस क्यों नहीं खाना चाहिए? गाय का महत्व क्या है? तभी इसे हम रोक पाएंगे. गाय केवल धर्म का प्रतीक ऐसे ही नहीं बना है. आज भी यह साबित हो गया है कि हम जो प्राकृतिक खेती करते हैं और अगर हम एक देशी गाय पालते हैं तो उसके गोबर और पेशाब का उपयोग करेंगे. आप 5 एकड़ तक की खेती आप कर सकते हैं. लोगों ने प्रयोग किया है उसके आधार पर. उससे जो खाद बनाते हैं उसे कैसे बनाना है. कहने का मतलब है कि उसके दूध का बात तो छोड़ दीजिए, गोबर और पेशाब तक का महत्व है. लेकिन जो बातें साबित हो गई हैं उसके बाद भी हमारे देश में तो उसका मजाक उड़ाने की बात हो जाती है. इसलिए भारतीय जनता पार्टी के जिन राज्यों ने गौ-हत्या निषेध के कानून बनाए हैं और जहां तक मुझे याद है संभवतः ऐसा करने वाले 19 राज्य हैं तो उनमें मेघालय नहीं हो सकता है, त्रिपुरा नहीं है और ऐसे कई अन्य राज्य भी हैं जहां इसे लागू नहीं किया जा सकता है. उस पर समय लगेगा. लेकिन, बीजेपी क्या अगर इस देश की कोई भी पार्टी कहती है कि गाय का मांस खाना चाहिए तो उसे बहुमत समाज का समर्थन नहीं मिल सकता है. ये देश का वातावरण है और सदियों से हमारी संस्कृति का प्रतीक है और गाय की बहुत सारी विशेषताएं भी हैं. हमें इस इस रूप में देखना चाहिए. दूसरी बात ये है कि जो भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में शिक्षा नीति आई है उसमें कहीं भी हिंदी को थोपने की बात नहीं है. हिंदी राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकृत हो और सभी लोग इसे पढ़ें और जानें. इसकी कोशिश तो उसमें है लेकिन अपनी मातृभाषा को पूरी तरह से सशक्त करना और उसे मातृभाषा में शिक्षा मिले तो ये तो पहली बार देश में हुआ है. मेडिकल और इंजीनियरिंग की परीक्षा या उसकी शिक्षा और कोई ओड़िशा में रहने वाला उड़िया में दे दे, बंगाल में रहने वाला बांग्ला भाषा में दे दे तो ये तो हमारे यहां बहुत पुरानी मांग थी. इन सब का अंग्रेजीकरण कर दिया गया. अंग्रेजी के कारण हिंदी का ज्यादा विरोध हुआ है. हमारे देश की ज्यादातर भाषाएं तमिल को छोड़ दीजिए तो संस्कृत से निकली हुई हैं. जाहिर है उनमें कोई टकराव नहीं है भाषाओं में. संस्कृति से निकली हुई हिंदी है तो हिंदी के साथ सामान्यतः दुराव नहीं है. ये तो अंग्रेजों की नीति और उसके बाद हमारे देश में शासन चलाने वालों की अदूरदर्शिता और समझ नहीं होने के कारण कि किस तरीके से हिंदी हमारे देश की प्रतिभाओं को बढ़ाएगी. हिंदी में कितना विशाल भंडार है ज्ञान का, शब्दों के भंडार हैं इसकी जानकारी नहीं होने के कारण अंग्रेजी के वर्चस्व को बढ़ावा मिला. हमारे यहां तो अंग्रेजी के अंकों तक को मान्य कर दिया गया जबकि अंग्रेजी भाषा में सिर्फ 26 लेटर ही हैं और हिंदी में 52 से 56 लेटर हैं और हमारे यहां अगर क लिखते हैं तो उसे क ही पढ़ते हैं, ख लिखते हैं तो ख ही पढ़ते हैं और ये दुनिया के किसी और भाषा में संभव नहीं हैं सिर्फ हिंदी में संभव है. भारत की जितनी भी क्षेत्रीय भाषा हैं सब उतनी ही समृद्ध हैं, सब में उतनी ही ज्ञान की बाते हैं और व्यक्ति जहां पैदा लेता है वहां के वातावरण का जो रिदम है उससे उसकी भाषा के संस्कार होते हैं. आप देखिये न कन्नड़ भाषा भी कितना सशक्त भाषा है. क्या नहीं है कन्नड़ के साहित्य में और जो तमिल भाषा है वो देश की सबसे पुरानी भाषा मानी जाती है. पहले तमिल संगम होते थे. भारत की संस्कृति का बहुत बड़ा भाग रहा है और यह उत्तर और दक्षिण की एकता रही है. लेकिन तमिल, कन्नड़ और मलयालम को कमजोर करके हिंदी को बढ़ावा देने की बात सरकार रही है ऐसा तो है ही नहीं. इसलिए एक नीति है कि लोग पहले अपने क्षेत्रीय भाषाओं पर आएं ताकि अंग्रेजी का वर्चस्व खत्म हो. जब क्षेत्रीय भाषाओं की ओर लोग आकर्षित होंगे तो उनका ध्यान हिंदी की ओर अपने आप होने लगेगा. अभी जो तमिलनाडु में विवाद हुआ है उसमें %दही% की कंपनी को वहां पर जो सरकारी विभाग है जो फूड स्टैंडर्ड की गारंटी देती है उसमें दही को हिंदी में लिखा जाए और उसे स्थानीय भाषा में ब्रैकेट में लिखा जाए...तो उसका अन्नाद्रमुक ने विरोध कर दिया है. चूंकि उनका हिंदी विरोध की राजनीति लंबे समय से रही है, उत्तर-भारत का विरोध, धर्म का विरोध करते रहे हैं. इसमें जो गैर राजनीतिक लोग हैं वो इसे ठीक से उठाएं. वहां इसे लेकर संघर्ष चलने दें कि राजनीतिक दल और सत्ता में होने के कारण बीजेपी द्रमुक को क्यों मौका देगी. हमें तो तमिल और हिंदी में बैर करना नहीं है. उसी को लेकर तो वहां हिंदी के अखबार जलाए गए, हिंदी के लोगों पर हमले हुए, दंगे हुए 70 के दशक में तो क्या उस परिस्थिति को बढ़ावा दिया जाए. सिद्धारमैया ने पूरे प्रदेश में जहां भी मेट्रो स्टेशन का नाम हिंदी में लिखा हुआ था उसे हटावा कर कन्नड़ और उर्दू में जबरदस्ती लिखवाए. देश में तो ये पूछा जाना चाहिए कि भाई इनको हिंदी और हिंदी वासियों से क्या समस्या है? सिद्धारमैया से पूछा जाना चाहिए कि उन्हें हिंदी से क्या विरोध है, कन्नड़ से विरोध नहीं, उर्दू से प्रेम है. इन सब को छोड़ कर हम लोग भाजपा को निशाने पर लेते हैं. आप बताइए कि देश के प्रधानमंत्री गुजराती हैं, गृहमंत्री गुजराती हैं और इस दौर में हिंदी के सम्मेलन हो रहे हैं.



# मोबाइल फोन आविष्कार के 50 साल पूरे

मोबाइल फोन के अविष्कार को 50 वर्ष पूरे हो गए. दुनिया में मोबाइल फोन का प्रवेश 1973 में हुआ था जब मोटोरोला के पूर्व उपाध्यक्ष और डिवीजन मैनेजर मार्टिन कूपर ने इसका सबसे पहले इस्तेमाल किया था...तब से लेकर अब तक मोबाइल फोन ने मानव इतिहास में सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक तौर पर क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं...लेकिन इसके साथ-साथ कई तरह की चुनौतियां भी मुह बाए सामने खड़ी है और उसमें डाटा सुरक्षा का मुद्दा, कानून व्यवस्था और साइबर सुरक्षा का मुद्दा महत्वपूर्ण है....तो ऐसे में सवाल है कि मोबाइल फोन ने किस तरह से भारत में कानूनी तौर पर चुनौतियां पेश की हैं। मोबाइल फोन विज्ञान का एक बड़ा चमत्कार होने के साथ-साथ सामाजिक क्रांति और आर्थिक क्रांति का एक बड़ा माध्यम है. लेकिन इससे साइबर सुरक्षा और कानून के कई बड़े पहलू भी खड़े हो गए हैं. इसमें सबसे बड़ी बात ये है कि मोबाइल फोन हमारी सारी गतिविधियों का एक बहुत बड़ा केंद्र बन गया है. इसकी वजह से देश के जो कानून हैं वो बेमानी साबित हो रहे हैं, क्योंकि अब जब अंतरराष्ट्रीय सीमाओं में मोबाइल फोन फैल गया है और कौन व्यक्ति कहां से व्यापार कर रहा है इस बात का फैसला करना बहुत ही मुश्किल हो गया है. यहां से अंतरराष्ट्रीय चुनौती सामने आती है, क्योंकि मोबाइल फोन से जुड़े हुए जो तीन बड़ी बाते हैं उसमें एक है इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर. दूसरा जो बड़ी-बड़ी कंपनियां हैं ई-कॉमर्स और इंटरनेट की, मनोरंजन की वीडियो गेम्स की और तीसरा इससे जुड़ा जो व्यापार है. इन सभी बातों में किस तरह से कानूनी व्यवस्था लागू हो यह सरकार और संसद के सामने बहुत बड़ी चुनौती है यह तो एक पहलू है. दूसरा पहलू यह है कि जो कानून के दायरे में उम्र के इतने सारे बंधन थे कि ये व्यस्क है, ये नाबालिग है, फिल्मों के बारे में ये एडल्ट के लिए है और ये नॉन एडल्ट के लिए है तो ये सारे वर्गीकरण मोबाइल फोन के बारे में ध्वस्त हो गए हैं. तीसरी बड़ी बात ये है कि मोबाइल फोन में इतने ज्यादा वित्तीय लेनदेन हो रहे हैं यूपीआई के माध्यम से और भी अन्य सोशल मीडिया के माध्यमों से तो इनमें जो नए सेक्टर हैं और उनके कंज्यूमर की सुरक्षा, मोबाइल धारकों की सुरक्षा है उसे लेकर जो हमारी कानूनी व्यवस्था है वो नाकाम साबित हो रही हैं.

इसके पीछे का कारण यह है कि संविधान में जो साइबर लॉ से संबंधित सातवीं अनुसूची में जो कानून है वो केंद्र सरकार के अधीन आता




है. लेकिन जो कानून और व्यवस्था का विषय है वो राज्यों के अंदर आता है और राज्यों के पास मोबाइल फोन से संबंधित जो भी बातें हैं, अपराध हैं उनसे निपटने के लिए उनके पास सही तकनीक और संसाधन नहीं हैं. केंद्र सरकार अपने स्तर से सारे नियमों को बनाती है लेकिन राज्यों के स्तर पर उसे लेकर सही समन्वय नहीं होने की वजह से चुनौती का सामना करना पड़ा रहा है. इसके अलावा मोबाइल फोन से जुड़े जो सामाजिक पहलू हैं और खास करके जो प्रतिबंधित बातें हैं यानी की जिन्हें सामाजिक तौर पर या कानूनी तौर पर मान्यता नहीं मिली है उनका भी विस्तार और कारोबार हो रहा है. उदाहरण के तौर पर ड्रग्स को ही ले लीजिए या फिर आप तमाम तरह के डेटिंग एप हैं, क्रिप्टो करेंसी है, कॉपीराइट्स का उल्लंघन का मामला है तो ये सारी नई तरह की चुनौतियां सरकार और सुरक्षा एजेंसियों के सामने हैं...लेकिन मोबाइल फोन एक एक बहुत बड़ा क्रांति का माध्यम भी है...तो कहने का तात्पर्य यह है कि इसके आने से हमारी जो एक परंपरागत सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह से बदल गई है. लेकिन जो नई व्यवस्था बन रही है उससे निपटने के लिए जो नियमों का नया तंत्र बनना चाहिए वो नहीं बन पाया है. यानी कि भारत सहित पूरी दुनिया एक तरह से ट्रांजिशनल फेज में है. भारत में अभी तक डाटा के सुरक्षा को लेकर कोई भी ठोस कानून नहीं बना है. इस बारे में सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों ने जस्टिस केएस पुट्टास्वामी मामले में 2009 में एक फैसला दिया था. लेकिन उसके बावजूद पिछले आठ सालों में सरकार और संसद से कानून नहीं बन पाया है. डाटा सुरक्षा को लेकर जस्टिस श्रीकृष्णा कमेटी बनी थी, संसदीय समिति भी बनी थी, ड्राफ्ट बिल भी पेश हुआ था. लेकिन अभी तक डाटा सुरक्षा को लेकर कोई कानून नहीं बना है. आईटी इंटरमीडियरी रूल्स के बेसिस पर केएन गोविंदाचार्य ने 2012 में दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी जिस पर मैंने बहस किया था और उस पर बहुत सारे आदेश भी हुए थे. बच्चों की सुरक्षा के लिए, डेटा की सुरक्षा के लिए, सरकारी डाटा की सुरक्षा को लेकर, सरकार की ईमेल पॉलिसी के बारे में, फिर चुनाव आयोग ने चुनाव के लिए सोशल मीडिया का गाइडलाइंस जारी किया. अभी दो साल पहले सरकार ने आईटी इंटरमीडियरी रूल्स जारी किए हैं जिसके तहत वैसी कंपनियां जिनका कारोबार मोबाइल फोन के माध्यम से अधिक होता है और जिन्हें इंटरमीडियरी बोलते हैं उन्हें तीन तरह के अधिकारियों की नियुक्ति करनी है. जिसमें उन्हें कॉप्लाइंस ऑफिसर, ग्रीवांस ऑफिसर और नोडल ऑफिसर को पदस्थापित करना है और उसका विवरण देना है लेकिन उसके बारे में अभी तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा है कि उन नियमों का कितना पालन हो रहा है...तो हमारे यहां अभी ये मौजूदा व्यवस्था है. चूंकि संसद और सरकारें जब तक जागरूक होती हैं तब तक नया वर्जन और नई चीजें सामने आ जाती हैं. मोबाइल फोन और इंटरनेट अब छोटी चीजें हो गई, अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की नई चुनौती सामने आ गई है.

### सैफई ने ग्वालियर को हराकर फायनल मुकाबला जीता

## दंदरौआ धाम में चल रहा है खेल प्रतियोगिताओं का महाकुम्भ



उमाकान्त शर्मा

**भिण्ड।** दंदरौआ धाम में चल रहे खेल प्रतियोगिता महाकुम्भ के दौरान सोमवार को बॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें फायनल मुकाबला सैफई की टीम ने जीता। विजेता और उप विजेता टीम को श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामदास जी द्वारा पुरस्कार के रूप में नगद राशि प्रदान की गई।बॉलीवाल प्रतियोगिता के रविवार को हुए लीग मैचों की श्रृंखला के बाद सोमवार को सेमी फायनल एवं फायनल मैच खेले गए। इसमें सैफई विरुद्ध बरोही के बीच पहला सेमी फाइनल खेला गया, जिसमें सैफई की टीम विजयी रही। उधर दूसरे सेमी फायनल में ग्वालियर की टीम ने अंबाह की टीम को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फायनल मुकाबला सैफई और ग्वालियर के मध्य खेला गया, जिसमें सैफई टीम ने विजयश्री हासिल की। विजेता सैफई टीम के कप्तान विकास यादव को महाराज जी ने 11000 रुपए एवं उप विजेता ग्वालियर की टीम को 5000 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान कर आशीर्वाद दिया। मैच के आरंभ में धाम के महंत महामण्डलेश्वर रामदास महाराज ने खिलाडि?ीं से मुलाकात करते हुए कहा कि युवाओं को खेल खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है। मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत रहने के लिए युबाओं को खेल जरूर खेलना चाहिए।इस मौके पर रामबरन पुजारी, बृजकिशोर शर्मा, अशोक दीक्षित, नरसी दद्दा, प्रमोद चौधरी, हरिओम बरुआ आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

**ऊंट घोड़ी का नाच बना आकर्षण केंद्र**–मंदिर परिसर में मेले के दौरान ऊंट और घोड़ी नाच के साथ डीजे की धुन पर प्रस्तुति दे रहे अन्नू डांसर मेले के खास आकर्षण हैं। मंदिर प्रवक्ता जलज त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि दंदरौआ धाम में नाच करने वाले ऊंट और घोड़ी अलवर राजस्थान से बुलाए गए हैं। घोड़ी का नाम कल्लो और ऊंट का नाम नागराज है।



## कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग समाज के साथ धोखा कर राजनीतिक वोट करने का षड्यंत्र रचाया : शैलेंद्र बरुआ


दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व संगठन मंत्री एवं मध्य प्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में गरीब कल्याणकारी योजनाओं के साथ भारत और प्रदेश आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है कांग्रेस ने हमेशा पिछड़ा वर्ग समाज के साथ छल कपट की राजनीति करते हुए वोट कबाड़ नेकी संत्र रचाया और उन्हें विकास की मुख्यधारा से दूर रखा। यह उद्गार उन्होंने शिव उत्सव वाटिका में आयोजित भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित दल है मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ केंद्रों पर संगठित होकर एक लक्ष्य को एकजुट एक मुख के साथ कार्य करें और केंद्र और राज्य सरकार की पिछड़ा बढ़ाते तैसी योजनाओं को अंतिम छोर तक के हर व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें।पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला बैठक का शुभारंभ भारत माता भारतीय जनसंघ के प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्रों पर दीप प्रज्वलित एवं मालन पढ़कर बैठक का शुभारंभ किया। जिसमें जिला प्रभारी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य बलवीर निवरिया रामअवतार शिवहरे ने संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सत्यभान सिंह नरवरिया एवं आभार व्यक्त जिला महामंत्री वीरेंद्र ओझा द्वारा किया गया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक में भाजयुमो के जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया बूथ विस्तारक अभियान-2 की समीक्षा करना और बचे हुए बूथों पर पन्ना प्रमुख पन्ना समिति बनाने के लिए योजना बनाना। कार्यकर्ता तय करना। 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस



के कार्यक्रम हेतु गांव विस्तारक तय करना। जो 5 अप्रैल को गांव में प्रवास करेंगे बताये हुए कार्यो को पूरा करेंगे। और 6 अप्रैल को प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के उद्बोधन सामूहिक रूप से लाइव सुनेंगे। इसके पहले स्थापना दिवस का कार्यक्रम पार्टी का ध्वजारोहण व लिखित भाषण पाठ हो। कार्यक्रम कार्यकर्ताओं के साथ करते हुए जी वापस आएंगे। महामहिम राष्ट्पति के अभिभाषण का पाठ करना है जिसके बारे में पूर्व में बताया हुआ है और अभी भाषण की प्रति भी भेजी है। शक्ति केंद्र मेंअभिभाषण का पाठ करते हुए के 3 चित्र और जानकारी नमो एप पर अपलोड आवश्यक रूप से करनी है। कोई शक्ति केंद्र इससे वंचित ना रहे। यदि कोई परेशानी आ रही है तो तत्काल आईटी के कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते हैं।- मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लाडली बहना योजना की जानकारी देना और पात्र महिलाओं के फॉर्म भरवा ने हेतु चर्चा करना. 1 अप्रैल से भाजपा सरकार की आबकारी नीति के कारण प्रदेश में अहाता बंद कर दिए गए हैं जिसकी सकारात्मक चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर नेवी आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से मोर्चा को मजबूत बनाने का प्रदेश में जलाने तत्व को विश्वास दिलाया। और कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज के अंतिम छोर तक के कार्यकर्ता हर व्यक्ति तक पहुंच कर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए उनको जागृत करेंगे।

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नगर एवं गांव में घूम रहा है प्रचार रथ



पंकज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** जनसम्पर्क संचालनालय भोपाल द्वारा म.प्र.सरकार की तीन वर्ष की उपलब्धियों और लाड़ली बहना योजना एवं अन्डय जनकल्डयाणकारी योजनाओं को जन - जन तक पहुंचाने के लिए एवं व्डयापक प्रचार प्रसार के लिए तीन साल बढ़े हैं - सबसे आगे खड़े हैं, देख रहा सारा देश - सबसे आगे मध्डयप्रदेश, प्रचार रथ तैयार करवाया गया है। प्रचार रथ द्वारा एलईडी के माध्डयम से शासन की योजनाओं का प्रचार - प्रसार किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज प्रचार रथ द्वारा जनपद भिण्ड के ग्राम टेहनगुर, सपाड़, समन्ना का भ्रमण कर म.प्र.शासन की कल्डयाणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

## लाड़ली बहना योजना हेतु जागरुक कर रही जन अभियान परिषद टीम

पंकज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** जिले में म.प्र. जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियों, बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू छात्रों, मेंटर, नवांकुर संस्थाओं द्वारा लाड़ली बहना योजना अंतर्गत निरंतर जन जागरुकता के कार्यक्रम संपादित किए जा रहे हैं। जिसमें दीवाल लेखन, पीले चावल देकर आमंत्रण, द्वार-द्वार जाकर समझाइश और शिविर में जाने की अपील की जा रही है। साथ ही बैनर आदि के माध्यम से जागरुकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसके साथ ही ई-केवाईसी गतिविधियों में भी सहयोग किया जा रहा है।

## रांकावत वैष्णव समाज की बैठक हुई आयोजित

पुष्पांजलि टुडे संवाददाता
पाली राजस्थान

**पाली** में रांकावत वैष्णव समाज के गणमान्य समाज बंधुओं ने युवाओं को आगे लाने एवं युवाओं में समाज के प्रति प्रेरणा, कुरितियो को अंकुश को लेकर श्री सालासर रांकावत संस्था पाली का गठन किया।वरिष्ठ समाज बंधु पुजारी महावीर वैष्णव बागरेचा एवं राधेश्याम लाडला ने बताया कि पाली के केशव नगर स्थित बालाजी मंदिर पर वरिष्ठ समाज बंधुओं की तृतीय आम सभा में अंतिम निर्णय लेकर नई गठित श्री सालासर रांकावत संस्था पाली के नाम पर सहमति बनी तथा सभी गणमान्यों की आम राय लेकर कुलदीप वैष्णव भुम्बलिया को नवगठित संस्था का प्रथम निर्विरोध अध्यक्ष, दिनेश लाडला को सचिव, रमाकांत खटोड़ को कोषाध्यक्ष एवं रतन दास जालंधरा, शंकर दास, मुकेश लाडला, अशोक बागरेचा, भवानी शंकर व दशरथ तुकारिया को सदस्य घोषित किया। समाज के वरिष्ठ बंधु रामचंद्र पींसागन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का साफा व माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए समाज के प्रति निष्ठा एवं कर्तव्य का निर्वाह करने की शपथ दिलाई गई। आम सभा में लक्ष्मण वैष्णव, दिनेश वैष्णव, पुखराज बागरेचा, राधेश्याम तुकारिया, रजनीकांत खटोड, मंगल दास वैष्णव, गोवर्धन दास वैष्णव, रामस्वरूप दास वैष्णव, कैलाश वैष्णव, दीपक वैष्णव, सुरेश लाडणा, हितेश वैष्णव, हरि दास वैष्णव, महेश



वैष्णव, राकेश दास वैष्णव, पवन वैष्णव, खुशवंत वैष्णव, पुरुषोत्तम वैष्णव, पवन वैष्णव, पुखराज वैष्णव, सुरेश वैष्णव, निरंजन वैष्णव, गौरी शंकर बागरेचा, रमेश वैष्णव, नरेंद्र वैष्णव, नवीन वैष्णव, रामविलास वैष्णव, सावरदास वैष्णव, मोहित वैष्णव, गुड्डू वैष्णव आदि उपस्थित थे।

## अनुसूचित जाति जनजाति महापंचायत जयपुर में गोगा देवी नायक ने लिया भाग



पुष्पांजलि टुडे संवाददाता पाली राजस्थान

**गंगानगर राजस्थान।** रायसिंहनगर जयपुर के मानसरोवर में आयोजित अनुसूचित जाति जनजाति महापंचायत में रायसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र से गोगा देवी नायक अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची नायक समाज संस्थान की जिला अध्यक्ष गोगा देवी नायक ने बताया कि महापंचायत में लाखों की तादाद में लोगों ने स्वेच्छा से भाग लिया इस मौके पर वक्ताओं ने आबादी अनुसार आरक्षण 14 से 18 फ़ीसदी करने 2 अप्रैल 2018 को दर्ज मुकदमे वापिस लेने सामाजिक व राजनीतिक अधिकार देने सहित अनुसूचित जाति जनजाति सामाजिक समानता को लेकर संबोधित किया गोगा देवी नायक ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी आवाज तभी बुलंद होगी जब समाज जागृत होगा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक न्याय के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया ऐसे महापुरुषों के विचारों को हमेशा अपने जीवन में उतारे भारत का संविधान हमें सामाजिक समानता का अधिकार देता है ऐसे सामाजिक सम्मेलन प्रत्येक वर्ष आयोजित होने चाहिए नायक ने बताया कि राजस्थान नायक समाज विकास संस्था के जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष श्री गंगानगर नेतृत्व में क्षेत्र से नायक समाज के लोगों ने भी भाग लिया ।

## कलेक्टर ने ए.डी.ई.ओ. जनपद पंचायत अटेर को किया निलंबित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने श्री एम.पी. चौधरी ए.डी.ई.ओ. जनपद पंचायत अटेर को निलंबित कर कहा है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचाचयत अटेर द्वारा अवगत कराया गया है कि एम.पी. चौधरी ए.डी.ई.ओ. जनपद पंचायत अटेर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर अवगत कराया गया था कि बार-बार निर्देशित किये जाने के बाद भी आप अपने सेक्टर की ग्राम पंचायतों में उपस्थित नहीं होते हैं जिसकी वजह से म.प्र. शासन की महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना के आवेदन ऑनलाइन बहुत कम हुये हैं तथा आप बगैर सूचना के मुख्यालय से अनुपस्थित हैं। आपका यह कृत्य अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। एम पी चौधरी ए.डी.ई.ओ. जनपद पंचायत अटेर के द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का कोई जबाव प्रस्तुत नहीं किया गया है। दिनांक 03 अप्रैल 2023 को कलेक्टर द्वारा आपके प्रभार की ग्राम पंचायत चिलौंगा का निरीक्षण किया गया जिसमें आप निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये जिससे ग्राम पंचायत चिलौंगा में लाड़ली बहना योजना में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप ईकेवायसी / फार्म भरने की प्रगति अत्यन्त न्यून पाई गयी है। आपका उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 की उपधारा (1) (2) (3) के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है।कलेक्टर द्वारा म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 में दिये गये नियम-9 के उपनियम (1) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत् एम.पी. चौधरी ए.डी.ई.ओ. जनपद पंचायत अटेर को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाता है। निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जिला पंचायत भिण्ड में नियत किया जाता है, निलम्बन अवधि में इनको शासन नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी

### शहरी पेयजल योजना की पहली टंकी का विधायक मेवाराम जाटव ने किया भूमिपूजन

## 119 करोड़ की शहरी पेयजल योजना मैं 160 किलोमीटर लंबी विछेगी पाइपलाइन, बनेगी लाखों लीटर की 6 टंकियां, मिलेगा 10800 घरों को शुद्ध पेयजल

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**गोहद।** गोहद नगर में घर-घर पानी पहुंचाने के उद्देश्य से शासन की 119 करोड़ की लागत से स्वीकृत शहरी पेयजल योजना के अंतर्गत नगर में पाइप लाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है इसी के अंतर्गत नगर में छ- स्थानों पर पानी की टंकियां भी बनाई जा रही हैं इन छः टंकियों में से 11 लाख 20 हजार लीटर की पानी की टंकी ऑफिसर कॉलोनी में बनाई जा रही है जिसका भूमि पूजन सोमवार को विधायक मेवाराम जाटव ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले यहां से भाजपा के राज्य मंत्री थे उनके कार्यकाल में 133 करोड़ रुपए की जल आवर्धन योजना का ई शिलान्यास भी हुआ था परंतु उनके चुनाव हार जाने के बाद यह योजना शासन ने कैंसिल कर दी थी। परंतु जब मैं विधायक बना मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी, नगरी प्रशासन विभाग, भिंड कलेक्टर आदि को पत्र लिखा और विधानसभा में प्रश्न भी पूछा तब जाकर कहीं सरकार ने योजना में संशोधन कर योजना स्वीकृत की। उन्होंने कहा कि पहले यह योजना पिलुआ डैम से थी जिसमें संशोधन कर कोतवार डैम से किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहोर, उपाध्यक्ष सुनील कांकर, पार्षद अकरम खान, साबू खान, बृजेंद्र यादव, गोहद ब्लॉक अध्यक्ष आशीष गुर्जर, मालनपुर ब्लॉक अध्यक्ष संग्राम सिंह तोमर, शहर अध्यक्ष विजय उर्फ टोनी मुदगल, रामहेत जाटव, सरपंच रचना जाटव, सरोज बाल्मिक, नरेश सिंह तोमर, बालकिशन माहोर, गणेश राम शर्मा, गुट्टी शर्मा, राहुल डेवलपमेंट (नगरीय प्रशासन विभाग)



उपाध्याय, बबलू बरैया, मध्य प्रदेश अर्बन कंपनी के इंजीनियर राहुल शर्मा, श्री कंट्रक्शन अजमेर के दिग्विजय सहित आधा सैकड़ा से अधिक लोग उपस्थित थे।जून 2025 तक नगर के प्रत्येक घर में पानी पहुंचाने का लक्ष्य- शहरी पेयजल योजना के माध्यम से नगर के प्रत्येक वार्ड, मोहल्ले, गलियां आदि में 160 किलोमीटर लंबी पानी की पाइप लाइनें बिछाई जाने का कार्य निरंतर जारी है। शासन के द्वारा जून 2025 तक शहरी पेयजल योजना के माध्यम से नगर में घर-घर तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनी के द्वारा जिस गति से कार्य किया जा रहा है जिसके कारण यह योजना 2024 तक पूर्ण हो जाने की संभावना है। इस योजना के शुरू होते ही नगर में 10800 घरों में शुद्ध पेयजल मिल सकेगा, जिससे नगर की पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा। 119 करोड़ की इस योजना को आगामी 30 वर्षों तक बढ़ने वाली जनसंख्या के हिसाब से बनाया गया है। जिसके अंतर्गत कोतवार डैम से आधा मीटर मोटा लगभग 40 किलोमीटर दूरी तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य निरंतर जारी है।

**इन स्थानों पर बनेगी टंकियां–** पहली टंकी 11 लाख 20 हजार लीटर की ऑफिसर कॉलोनी वार्ड क्रमांक 4, दूसरी टंकी 10 लाख लीटर की वार्ड क्रमांक 5 शिवनगर लक्ष्मण तलैया, तीसरी टंकी 6 लाख 50 हजार लीटर की हॉस्पिटल के पास सब्जी मंडी, चौथी टंकी 5 लाख लीटर की नगर पालिका के पास, पांचवी टंकी 7 लाख लीटर की छींमका वार्ड क्रमांक 17, छठवीं टंकी 7 लाख 15 हजार लीटर की महर्षि अरविंद महाविद्यालय के पास वार्ड क्रमांक 17 में बनाई जाएगी।

बाइक गिरोह सक्रिय,शहर चोरों के हौसले बुलंद

# दमोह में बेखौफ चोर, चंद सेकंड में बाइक का ताला तोड़कर हुए फरार,पुलिस चोरी कि घटनाओं से बेखबर

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** शहर के कोतवाली क्षेत्र स्थित दिनदहा? बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है, इन दिनों शहर में लगातार बाइक चोरी होने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही के दिनों में दर्जन भर गा?िया चोरों के द्वारा शहर के अलग अलग स्थानों से चुरा ली गई। जिन स्थानों से बाइकों को चुराया जा रहा है वह कही ना कही शहर के पॉस एरिया है, हैरानी कि बात तो ये है कि शहर में पुलिस विभाग के द्वारा चौराहों तिराहों पर बडे बडे कैमरे लगाये गए है जिसमें आधे कैमरे तो बंद है। चोरी कि घटना का ऐसा ही ता?ा मामला आज सुबह शहर के हृदय स्थल घंटाघर पर देखने को मिला जहाँ सीसीटीवी लगे होने के बाद भी बाजार करने आये एक युवक महेन्द्र पुरी गोस्वामी पिता बंशीपुरी गोस्वामी कि गा?ी हीरो कम्पनी कि डीलक्स जो कि नीले रंग की है जिसका गा?ी का नंबर स्क्क34 स्ख 7621 है, उस पर चोरों के द्वारा चंद मिनटों में हाथ साफ कर दिए गए। शहर में लगातार गा?ियाँ चोरी होने से लगता है चोरों में पुलिस का भय नहीं है और बेखौफ होकर उनके द्वारा गा?िया चुरायी जा रही है। शहर में अगर आप घूमने या किसी काम को लेकर बाइक से आ रहे है तो अपनी गा?ी कि सुरक्षा स्वयं करें, क्योंकि चोरी की घटनाओ को रोकने एवं उन पर अंकुश लगाने में दमोह पुलिस नाकामयाब साबित होती



### इनका कहना है

इस प्रकार कि घटनाएं अगर शहर में हो रही है तो वह निंदनीय है पुलिस प्रशासन को कैमरों एवं साइबर सेल कि मदद से चोरों को पक? कर उन पर कठोर कार्यवाही करना चाहिए। सीसीटीवी कैमरे अगर बंद है तो उन्हें पुलिस प्रशासन को चालू करवाना चाहिए ताकि लोग अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सके।

**पं. सतीश तिवारी जिला महामंत्री भाजपा**

यातायात प्रभारी के द्वारा लगातार आम जनता को परेशान किया जा रहा है एवं पुलिस कि जो गश्त रात में लगती थी वह भी बंद है, इसलिए चोरों के हौसले बुलंद है एवं पुलिस विभाग कि लापरवाही के चलते इस तरह कि घटनाये आए दिन सामने आ रही है, बिग?ती यातायात व्यवस्था एवं रात्रि गश्त ना होने के कारण चोरों में पुलिस का भय ?त्म होता दिखाई दे रहा है इस प्रकार कि घटनाओ रोकने के लिए अगर जल्द ही पुलिस प्रशासन कार्रवाही नहीं करेगा तो निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी पुलिस प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करेंगी एवं ज्ञापन देने को मजबूर होंगी क्योंकि चोरी कि घटनाओं पर नियंत्रण नहीं है।

रतनचंद्र जैन जिलाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी दमोह

## कुटीरों कि किश्त जल्द से जल्द हितग्राहियों के खाते में डाली जायेः विधायक अजय टंडन



**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** विधायक अजय टंडन ने नगर के कई वार्डो में दौरा करके पाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों में बहुत से लोगों कि अभी किश्ते बाकी है एवं कांग्रेस कार्यालय में जब जनता दरबार लगता है तो लोग इसी प्रकार कि समस्या लेकर आ रहे है वर्तमान में सबसे ब?ी जनता की समस्या कुटीर को लेकर है जिससे हितग्राहियों को बहुत दिक्कत एवं परेशानी झेलनी प? रही है। विधायक  ने कहाँ जिनकी प्रधानमंत्री आवास योजना की जो किश्ते बकाया है, उसके लिये जिला प्रशासन और नगर पालिका अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द हितग्राहियों के खाते में पैसे नहीं डाले गये तो एक जनआंदोलन होगा। क्योंकि मौसम रात दिन करवट बदल रहा है कभी धूप कभी छॉव इसलिए मेरा निवेदन है समस्याओं को हल कराया जाए।

महावीर जयंती पर निकली विशाल शोभायात्रा

## भगवान महावीर स्वामी का मनाया 2622 वा जन्म कल्याणक शोभायात्रा में बड़ी संख्या में जैन समाज के महिलाओं पुरुषों एवं बच्चो कि उपस्थिति रही

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की 2622 वी जन्म जयंती के अवसर पर भगवान महावीर जन्मोत्सव समिति के द्वारा विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा दमोह के बड़े जैन मंदिर सिटी नल से प्रारंभ हुई जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नसिया जी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में जैन धर्म कि महिलायें ,पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। शोभायात्रा में श्री जी रथ में सवार थे और शोभायात्रा में अनेक झांकियां निकली। इस दौरान शोभायात्रा का जगह जगह लोगों के द्वारा स्वागत किया गया। नसिया जी मंदिर में उपाध्याय श्री 108 विश्रुत सागर जी महराज मुनि श्री 108 श्री आस्तिक्य सागर जी महाराज के प्रवचन हुए।जिसके बाद श्री जी का पूजन अभिषेक शांति धारा के बाद शोभायात्रा वापिस सिटीनल बड़े जैन मंदिर के लिए रवाना हुई। जैन समाज के द्वारा जगह जगह रंगोली सजाकर श्री जी की आरती की गई। इस दौरान शोभायात्रा में जैन समाज की अनेक समितियों, महिला मंडल, युवा मंडल और नगर के सभी मंदिर समितियों के सदस्य मौजूद रहे।




# कोविड के बड़ते केस को देखते हुये अस्पतालों में 10 एवं 11 अप्रैल को होगा मॉकड्रिल

कलेक्टर, सीएमएचओ, एवं सिविल सर्जन ने किये निर्देश जारी

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** देश के कुछ राज्यों में वैश्विक महामारी कोविड-19 के प्रकरण में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारी रखना महत्वपूर्ण है। इसी तारतम्य में केंद्र सरकार द्वारा अप्रैल माह में पेन इंडिया मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र सरकार के कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक तैयारियाँ के साथ 10 और 11 अप्रैल को (चिन्हित कोविड डेडिकेटेड स्वास्थ्य सुविधाओं सहित) मॉक ड्रिल करने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में सभी कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और अस्पताल के सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश जारी किए है। आयुक्त एवं सह सचिव स्वास्थ्य डॉ. सुदाम खाड़े ने बताया कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य कोविड-19 के प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना है। सोमवार-मंगलवार 10 और 11 अप्रैल, 2023 को मॉक ड्रिल के दौरान जिलों को आवश्यक मापदंडो पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है। इसमें अस्पतालों में बिस्तर क्षमता, आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन युक्त आइसोलेशन बेड, आईसीयू और वेंटीलेटर सहित बेड की नियत संख्या की उपलब्धता सुनिश्चित करना हैं। सभी जिलों को कवर करते हुए भौगोलिक रूप से स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रतिनिधि उपलब्धता सुनिश्चित करना है। अस्पताल में उपलब्ध मानव संसाधन जिसमें डॉक्टर नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, आयुष डॉक्टर, आशा सहित अन्य फ्रंटलाइन कार्यकर्ता, आगनबाड़ी कार्यकर्ता और अन्य ग्राम स्तर के कार्यकर्ता, मानव संसाधन क्षमता में कोविड-19 प्रबंधन पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य देख-भाल कार्यकर्ता, गंभीर मामलों के प्रबंधन के लिए वेंटीलेटर प्रबंधन प्रोटोकॉल में प्रशिक्षित स्वास्थ्य देखभाल कर्ता, पीएसए संयंत्रों के संचालन में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि और रेफरल सेवाओं में एडवांस्ड और बेसिक लाइफ सपोर्ट, (एएलएस/बीएलएस) एंबुलेंस की उपलब्धता, अन्य एंबुलेंस की उपलब्धता (पीपीपी मोड के तहत या एनजीओ के साथ), कार्यात्मक एम्बुलेंस कॉल सेंटर की उपलब्धता को सुनिश्चित करना है। परीक्षण क्षमताओं में कोविड परीक्षण प्रयोगशालाओं की संख्या और क्षमता, आरटीपीसीआर और आरएटी किट की उपलब्धता, परीक्षण उपकरण और रिएजेन्ट की उपलब्धता को सुनिश्चित करना है। चिकित्सा रसद में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता जैसे स्टेरॉयड, एनोक्सापारिन, रेमेडिसविर, टोसिलजुमेब और अन्य सहायक दबाए आईवी तरल पदार्थ आदि, वेंटिलेटर (कार्यात्मक) पीपीई (पीपीई किट, एम-95 मास्क आदि) नेब्यूलाइजर, ऑक्सीमीटर आदि, मेडिकल ऑक्सीजन, ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, पीएसए प्लॉट, लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन, स्टोरेज टैंक मेडिकल गैस पाइपलाइन सिस्टम आदि की व्यवस्था को दुरुस्त रखना शामिल है। साथ ही टेलीमेडिसिन सेवाओं की उपलब्धता को भी सुनिस्चित करना है। मॉकड्रिल में दिए गए निर्देशों को ध्यान में रखते हुए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में संबंधित जिला कलेक्टर, जिला अधिकारियों के मार्गदर्शन में मॉकड्रिल की जायेगी। सभी स्वास्थ्य संस्था मॉकड्रिल का डाटा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/जिला सर्विलेंस अधिकारी से समन्वय कर मंगलवार, 11 अप्रैल को सायंकाल तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन कोविड-19 इण्डिया पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे

# नीता अंबानी की होने वाली बहूरानी राधिका लेकर निकली माचिस की डिबिया जितना पर्स







राधिका मर्चेंट ने इस इवेंट में बेहद ही खूबसूरत और ब्लैक कलर की इंडो वेस्टर्न स्टाइल लेस वाली साड़ी पहन रखी थी. इसी के साथ आपको बता दें कि उनकी इस एड्रेस पर वाइट कलर की फ्लोरल कढ़ाई भी देखी जा सकती है. जिसे उन्होंने काफी खूबसूरत ब्लाउज के साथ पहना हुआ है. राधिका मर्चेंट ने इसी के साथ में डायमंड और रूबी के नेकलेस पहने हुए हैं और रिंग के साथ-साथ ब्रेसलेट और इयररिंग्स से अपने इस लुक को कंप्लीट किया है. इसी के साथ आपको बता दें कि उन्होंने अपने बालों को भी एक तरफ से पिन से सेट किया हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ से उनकी जुल्फे खुली हुई हैं. जानकारी के लिए आपको बता दें कि इस इवेंट में राधिका मर्चेंट ने एक छोटा सा बैग लिया हुआ था और जिस पर हर किसी की नजरें टिकी जा रही थी. बता दें कि यह बैग का था. इतना ही नहीं इस बैग की कीमत सुन हर कोई दंग रह जा रहा है. यह बैग बेहद ही छोटा सा है जो कि सिल्वर कलर का है.

मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की होने वाली दुल्हनिया राधिका मर्चेंट की फैशन सेंस को लेकर हर कोई उन पर फिदा हो चुका है. बता दें कि हाल ही में उन्हें नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर के लॉन्चिंग इवेंट में देखा गया. इतना ही नहीं आपको बता दें कि यहां पर राधिका मर्चेंट बेहद ही खूबसूरत अंदाज में नजर आ रही थी. उन्होंने ब्लैक कलर का बेहद ही खूबसूरत आउटफिट पहना हुआ था और वह अनंत अंबानी के हाथों में हाथ डाले हुए पोज देती हुई नजर आई. राधिका मर्चेंट ने इस इवेंट में बेहद ही खूबसूरत और ब्लैक कलर की इंडो वेस्टर्न स्टाइल लेस वाली साड़ी पहन रखी थी. इसी के साथ आपको बता दें कि उनकी इस एड्रेस पर वाइट कलर की फ्लोरल कढ़ाई भी देखी जा सकती है. जिसे उन्होंने काफी खूबसूरत ब्लाउज के साथ पहना हुआ है. राधिका मर्चेंट ने इसी के साथ में डायमंड और रूबी के नेकलेस पहने हुए हैं और रिंग के साथ-साथ ब्रेसलेट और इयररिंग्स से अपने इस लुक को कंप्लीट किया है. इसी के साथ आपको बता दें कि उन्होंने अपने बालों को भी एक तरफ से पिन से सेट किया हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ से उनकी जुल्फे खुली हुई हैं. जानकारी के लिए आपको बता दें कि इस इवेंट में राधिका मर्चेंट ने एक छोटा सा बैग लिया हुआ था और जिस पर हर किसी की नजरें टिकी जा रही थी. बता दें कि यह बैग का था. इतना ही नहीं इस बैग की कीमत सुन हर कोई दंग रह जा रहा है. यह बैग बेहद ही छोटा सा है जो कि सिल्वर कलर का है. इसमें एक फ्रंट फ्लैप भी नजर आता है और इस पर सिग्नेचर केली डिजाइन भी है. इस बैग में शार्ट स्क्रैप और क्लोचेट के साथ में एक लॉन्ग शोल्डर चेन भी देखी जा सकती है. कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार इस बैग की कीमत 63,750 डॉलर यानी कि 52 लाख 30 हजार रुपए है.

## 65 साल पुरानी बनारसी पटोला साड़ी से 6 महीने में तैयार हुई ड्रेस



देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा अपने पति निक जोनास के साथ हाल ही में 'नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर' की ग्रैंड ओपनिंग में शामिल हुई थीं. लगातार दो दिन चले इस इवेंट में एक्ट्रेस ने अपने ग्लैम लुक से काफी लाइमलाइट बटोरी. वहीं इवेंट के दूसरे दिन एक्ट्रेस ने मॉर्डन ट्विस्ट के साथ विंटेज साड़ी कैरी की थी. प्रियंका ने अपने लुक को डायमंड चोकर और स्टड इयररिंग्स से एक्सेसराइज किया था. वहीं एक्ट्रेस ने अब अपने आउटफिट की खासियत के बारे में फेसबुक पर पोस्ट कर डिटेल में बताया है. एक्ट्रेस ने डिजाइनर को भी थैंक्यू कहा है. प्रियंका ने अंबानी फैमिली के इवेंट में डिजाइनर अमिल अग्रवाल द्वारा हैंडक्राफ्टेड आउटफिट पहना था. एक्ट्रेस ने अपनी फेसबुक पोस्ट में अपनी कई तस्वीरें शेयर करते हुए इवेंट के दूसरे दिन पहनी अपनी ड्रेस की स्पेशलिटी बताई. उन्होंने लिखा, ÷ इस ब्यूटिफुल आउटफिट को सिल्वर के थ्रेड से बनी 65 साल पुरानी बनारसी पटोला (ब्रोकेड) साड़ी और खादी सिल्क पर सोने की इलेक्ट्रोप्लेटिंग से तैयार किया गया था. इकत बुनाई के नौ रंगों को रिफ्लेक्ट करने के लिए इसे सेक्विन शीट होलोग्राफिक बस्टियर के साथ पेयर किया जाता है जिसमें ब्रोकेड सेट होता है. वाराणसी के क्राफ्ट कल्स्टर में हाथ से बुने हुए विंटेज टेक्सटाइल के साथ इस मास्टरपीस साड़ी को बनाने में अमित और उनकी टीम को लगभग 6 महीने लगे. अमित और उनकी टैलेंटेड टीम को शुक्रिया. प्रियंका ने नीता अंबानी और ईशा अंबानी को भी थैंक्यू किया. उन्होंने लिखा, नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में हिस्ट्री इंडियन फैशन की एक इनक्रेडिबल एग्जीबिशन क्रिएट करने के लिए नीता अंबानी और ईशा अंबानी को बधाई. इस बेस्ट स्पेस और इंडियन आर्ट और डिजाइन को प्रमोट करने की क्षमता पर बहुत प्राउड है.



बता दें कि 'नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर' की ओपनिंग सेरेमनी में प्रियंका चोपड़ा ने ऐली साब के कलेक्शन से एक शानदार पीच कलर का शिमरी गाउन कैरी किया था. एक्ट्रेस के ट्रांसपेरेंट आउटफिट में एक प्लंजिंग नेकलाइन के साथ-साथ एक रफल्ड केप था जिसके चारों ओर छोटे-छोटे क्रिस्टल थे. प्रियंका ने डायमंड स्टड इयररिंग्स, स्मोकी आईज, न्यूड लिप्स, स्लीक बन और हील्स से अपने लुक को कंपलीट किया था. वहीं एक्ट्रेस के हसबैंड निक ब्लैक टक्सीडो में डैपर लग रहे थे. प्रियंका चोपड़ा की अपकमिंग वेबसीरीज 'सिटाडेल' 28 अप्रैल को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली है. इस सीरीज में प्रियंका के साथ रिचर्ड मैडेन ने भी अहम रोल प्ले किया है. ऐसे में प्रियंका भारत में इस मोस्ट अवेटेड सीरीज का प्रमोशन करने के लिए आई हैं.

# नेशनल अवार्ड विनर फिल्म को ना कहकर आज भी पछताती होंगी करीना कपूर

अपने लुक्स, स्टाइल, मूवीज और सोशल मीडिया पोस्ट के चलते कंगना रनौत आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं. कंगना रनौत की बॉलीवुड में बहुत ही शानदारा फैनफॉलोइंग हैं. एक्ट्रेस अपने फिल्मी करियर में एक से एक बेहतरीन फिल्मों में काम किया है.

कंगना रनौत अपनी शानदार एक्टिंग के लिए कई बार नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी अपने नाम कर चुकी हैं. हालांकि ये बात उनके बहुत कम फैंस को पता होगी कि साल 2015 में जिस फिल्म के लिए कंगना को पहली बार बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था, उस मूवी के लिए डायरेक्टर की पहली पसंद कंगना रनौत नहीं बल्कि करीना कपूर थी. व्यूअर्स उस फिल्म का मजा ओटीटी पर ले सकते हैं.

जीक्यू इंडिया डॉट कॉम की एक रिपार्ट के मुताबिक साल 2013 में जब फिल्म फिल्म डायरेक्टर विकास बहल ने क्वीन बनाने का फैसला किया तो कंगना वाले रोल के लिए सबसे पहले



करीना कपूर को कास्ट करन चाहते थे. हालांकि करीना को फिल्म की स्क्रिप्ट कुछ खास नहीं लगी और उन्होंने मूवी में काम करने से इनकार कर दिया.

करीना कपूर के मना करने के बाद विकास बहल वही रोल लेकर कंगना रनौत के पास गये और वो फिल्म में काम करने के लिए राजी हो गई. क्वीन में अपने किरदार को कंगना रनौत ने अपनी जबरस्दस्त एक्टिंग से अमर कर दिया. फिल्म के साथ एक्ट्रेस कभी नेशनल अवार्ड जीतने में सफल रही.

क्वीन में काम करने के बाद एक्ट्रेस के फिल्मी करियर को एक नई उड़ान मिली. इस फिल्म के बाद कंगना ने कई और शानदार मूवीज में काम कर अपने फैंस का भरपूर तरीके से एंटरटेनमेंट किया. करीना कपूर की छोड़ी हुई और कंगना रनौत की हुई क्वीन का मजा तमाम ओटीटी व्यूअर्स जियो सिनेमा पर ले सकते हैं. आईएमडीबी ने इस अवार्ड विनिंग फिल्म को 8.1 की रेटिंग से नवाजा है.

# राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के आवेदन फार्म भरवाने के लिए वार्ड स्तर पर शिविरों का किया निरीक्षण





**शिवपुरी,**
**रामस्वरूप रजक**
**पुष्पांजलि टुडे**

3 अप्रैल 2023/ मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं को स्थानीय स्तर पर आवेदन फार्म भरवाने, ईकेवाईसी करने एवं बैंक अकाउंट डीबीटी इनेबल्ड करवाने के लिए पंचायत व वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में आज लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ ने नगर परिषद पोहरी के वार्ड क्रमांक 5 एवं 7 में तथा नगर परिषद बैराड़ मुख्यालय पर आयोजित किए जा रहे शिविरों का निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ ने पोहरी विधानसभा क्षेत्र कि सभी महिलाओं से अनुरोध किया है कि जिनकी उम्र 23 से 60 वर्ष है, विवाहित हो व मध्य प्रदेश की निवासी हो संबंधित ग्राम पंचायत या संबंधित वार्ड में जाकर लाड़ली बहना योजना के लिए आवेदन करें। राज्यमंत्री श्री धाकड़ ने कहा कि ला?ली बहना योजना मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें कोई पात्र बहन वंचित नहीं रहे। इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि इसके किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है केवल समग्र आईडी, आधार व मोबाइल नंबर जो आधार से लिंक हो। साथ ही उन्होंने बताया कि फार्म भरने से पहले ईकेवाईसी जरूर करवाएं ईकेवाईसी नजदीक के सीएससी सेंटर, एम पी ऑनलाइन पर निःशुल्क है।राज्यमंत्री सुरेश धाकड़ ने स्वयं ला?ली बहना के ईकेवायसी, आवेदन फार्म भरे। उन्होने वार्ड में अभी तक कितने आवेदन हो चुके हैं, कितनी महिलाओं की ईकेवाईसी पूर्ण हो गई है, इसकी जानकारी ली। साथ ही उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# पुलिस थाना सीहोर द्वारा 600 ग्राम सूखे गांजे के साथ आरोपी पर की कार्यवाही

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिह भदौरिया द्वारा अवैध मादक पदार्थ रखने व विक्री करने वालों के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है तथा जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये हैं । उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एसडीओपी पिछोर संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में पुलिस थाना सीहोर द्वारा एक आरोपी से 600 ग्राम सूखा गांजा जप्त कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की है।थाना प्रभारी सीहोर उनि मुकेश दुबोलिया को गत दिवस मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम सीहोर मे एक व्यक्ति काले रंग की पन्नी मे गांजा रखे हुये अपने घर की दुकान के बाहर बेचने के लिये खड़ा है। उक्त सूचना पर तुरंत कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी सीहोर द्वारा सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर मार्गदर्शन प्राप्त कर पुलिस टीम बनाकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान ग्राम सीहोर आरोपी के घर की दुकान के पास पहुंचे तभी एक व्यक्ति अपनी दुकान के बाहर काली पोलीथीन लिये दिखा जो पुलिस को देखकर रोड किनारे - किनारे गुर्जर मोहल्ला तरफ जाने लगा जिसे रोककर नाम पता पूछा उम्र 32 साल नि. ग्राम सीहोर का होना बताया। पुलिस द्वारा आरोपी की तलासी ली गयी एवं साथ मे लिये पन्नी की तलाशी ली गयी तो पन्नी मे एक मटमेले रंग की पैकेट मे रखा हुआ सूखा बीज दार गांजा मिला उक्त गांजे को बरामद किया गया, तौल की गई तो उसका कुल वजन 600 ग्राम होना पाया गया जिसकी कीमत करीबन 6000 रूपये है को विधिवत जप्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट मे प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी सीहोर उनि. मुकेश दुबोलिया, आरक्षक देवेंद्र परिहार, अरुण कुशवाह, प्रदीप राणा, रंजोर रावत, हेमंत बाथम, आरक्षक चालक जशवंत परिहार की सराहनीय भूमिका रही।

# लाडली बहना योजना का शिविर ग्राम पंचायत मामोनी खुर्द तहसील करैरा जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश




**पुष्पांजलि से विजय परिहार की रिपोर्ट**

ग्राम पंचायत मामोनी खुर्द में खुर्द में लाडली बहना योजना का शिविर दिनांक 25/3/ 2023 से 30 अप्रैल लगातार चलेगा है जो सुबह 8ः00 बजे से रात्रि 9ः00 बजे तक लाडली बहना योजना के फार्म भरे जाते हैं तथा साथ में ईकेवाईसी भी की जा रही जिसमें ग्राम पंचायत मामोनी खुर्द के सचिव श्री जीतेंद्र कोली एवं शिक्षक श्री करण सिंह महते एवं ङ्क .रुश्च. श्री अमर सिंह लोधी द्वारा सुबह 8ः00 बजे से रात्रि 9ः00 बजे तक लाडली बहना योजना कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं आज दिनांक 03/04/ 2023 को भारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा सिरसोद के मंडल अध्यक्ष श्री विजय सिंह परिहर की मौजूदगी में लाडली बहना योजना के फोरम भरे तथा समीक्षा की और ग्राम की महिलाएं बहुत ही खुश नजर दिखाई दी माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नेतृत्व में शिवर चलाया जा रहा है और सख्त आदेश दिया गया है कि किसी महिला जो पात्र है वह महिला इस योजना से वंचित ना रह जाए इसके लिए ग्राम पंचायत मामूनी खुर्द के कर्मचारी लगातार मेहनत करते नजर आ रहे हैं और आज दिनांक तक ग्राम पंचायत मामूनी खुर्द में लगभग 60 से 70 फॉर्म कंप्लीट हो चुके हैं तीनों कर्मचारी ग्राम के मजरा मोहल्ला जाकर लोगों को जागरूक कर लाडली बहना योजना से लाभ लेने की बात कर जागरूक कर रहे हैं

# महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री ममता भिलवार ने मुख्यमन्त्री से भेंटकर लाडली बहना योजना की सौगात के लिए जताया आभार




ग्वालियर। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री श्रीमती ममता भिलवार ने भोपाल में मुख्यमन्त्री शिवराज सिंह चौहान से भेंटकर उन्हें लाडली बहना योजना की सौगात देने के लिए ग्वालियर चंबल क्षेत्र की सभी महिलाओं की और से उन्हें बधाई देते हुए हार्दिक बधाई देते हुए कोटिशः आभार व्यक्त किया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारौलिया ने श्रीमती ममता भिलवार को लाडली लक्ष्मी योजना का मध्यप्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। श्रीमती ममता भिलवार ने इस दायित्व के लिए आभार व्यक्त करते हुए इस योजना का लाभ अधिकाधिक महिलाओं को दिलाने का संकल्प व्यक्त किया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री श्रीमती ममता भिलवार ने मुख्यमन्त्री से महिलाओं के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए इस बात पर खुशी जताई कि प्रदेश की शिवराज सिंह सरकार पूरी तरह से महिलाओ के अधिकारों व हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश की महिलाओं ने नवम्बर 2023 के चुनाव में एक बार पुनः भारी मतों से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया है।

# सीहोर में धूमधाम से मनाया गया भगवान महावीर जन्म कल्याणक

**सीहोर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में भगवान श्री महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक जैन धर्मावलंबियों द्वारा पूर्ण भक्ति भाव एवं धूमधाम से मनाया गया 7मंडी स्थित श्री शांतिनाथ जैन मंदिर मैं सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। सबसे पहले सुबह भगवान का पूजन एवं अभिषेक किया गया 7इसके पश्चात भगवान की प्रतिमा को साथ लेकर शोभा यात्रा मंडी क्षेत्र के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस श्री शांतिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर पहुंची 7 शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा स्वागत किया गया 7 भव्य शोभायात्रा में भारी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं समाज जन उपस्थित थे।जहां एक और युवा ÷सत्य अहिंसा प्यारा है यही हमारा नारा है ÷ एवं महावीर स्वामी का जयघोष के नारे लगाते हुए चल रहे थे वहीं दूसरी ओर महिलाएं गरबा एवं डांडिया नृत्य करते हुए चल रही थी। शोभायात्रा वापस मंदिर पर पहुंचने के बाद श्री शांतिनाथ जैन मंदिर में सामूहिक नवकार जाप के साथ महावीर जन्म कल्याणक का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें समाज प्रतिभागियों द्वारा महावीर स्वामी के जीवन चरित्र के ऊपर अपने वक्तव्य दिए 7महावीर स्वामी पर बोलने वालों में मुख्य रूप से हार्दि बनवट , जय नाहटा,रवि श्रीमाल, रूपेश गोलेछा, सोनाली जैन, राजुल शाह, वंदिता मालवीय,पूरणमल श्रीमाल थे। सभी को उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रमेश सक्सेना ,विधायक सुदेश राय, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जसपाल अरोरा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सनी महाजन, कांग्रेस नेता गणेश तिवारी एवं राजीव गुजराती ने कार्यक्रम को संबोधित किया7 कार्यक्रम की अध्यक्षता कोकिला बेन पटेल ने की7 अतिथियों का स्वागत समाज जनों द्वारा किया गया।कार्यक्रम के अंत में जैन समाज की ओर से आभार प्रदर्शन दिलीप शाह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जयंत शाह एवं रूपेश गोलेछा ने किया।

# शैक्षणिक भ्रमण के दूसरे दिन पश्चिमी मंदिर समूह एवं संग्रहालय को देखा

खजुराहो की विश्व प्रसिद्ध अप्सराएं और विशालकाय मन्दिरों की श्रृंखलाए, चंदेल वास्तुकला के वैभव का ऐसा अनूठा अनुभव कराती हैं कि पर्यटक, कलाप्रेमी किंकर्तव्यविमूढ़ हुए बिना नहीं रह सकते, जटिल वास्तुकला के उदाहरण मन्दिरों की बाहरी दीवारों पर बने उत्कृष्ट मूर्ति पैनलों, देव कुलिका, चैत्य गवाक्षों के उदाहरणों से अच्छादित हैं। यह किसी भी प्रेक्षक को दाँतो तले अँगुली दबा लेने पर बाध्य कर देती हैं, दसवीं सदी के अन्त तक चंदेल वास्तुकला नागरा शैली के चरमोत्कर्ष का साक्षात उदाहरण थी, इन्हीं शब्दों के साथ प्रो एस डी सिसोदिया जी ने जीवाजी विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययन शाला के छात्रों के द्वितीय एवं अन्तिम दिवस खजुराहो शैक्षणिक भ्रमण का आगाज किया। अन्तिम दिन दल ने 25 मन्दिरों का अवलोकन किया और इसके साथ शिल्प, वास्तु एवं उससे जुडी पौराणिक और लोककथाओं की विशेष जानकारी ली। महत्वपूर्ण रूप से खजुराहों क्षेत्र के आयताकार चौसठ योगिनी मन्दिर, कन्दरिया महादेव के शेखरी शिखर, अत्याथिक कलात्मक विक्षिप्त विमान,



मण्डपों की श्रृंखला, चित्रगुप्त मन्दिर के विभिन्न अंगों जैसे सल्लान्तरों में मिथुन दृश्य, ऊरूश्रृंगो को पहचानना, ग्रीवा, आमलक आदि को बताया, लक्ष्मण मन्दिर, मतंगेश्वर के फमांसना शिखर, विश्वनाथ मन्दिर के पंचायतन स्वरूप, मन्दिर की बाहरी भाग पर विभिन्न युद्धों के दृश्य तथा शिल्पियों के नाम के अभिलेखों पर भी विशेष तौर पर जानकारी दी। साथ ही स्थापत्य के विभिन्न आयामों, मुर्तियों के बेहद अलंकृत चित्रण, अप्सराओं के केश श्रृंगार पर और शोध की संभावना पर विचार व्यक्त किए। ग्रुप ने पूर्व के वामन मन्दिर, ब्रह्मा मन्दिर, जवारी मन्दिर इत्यादि के बारे में जानकारी ली। तत्पश्चात प्रो सिसोदिया ग्रुप को पुरातत्व संग्रहालय ले गये, जहाँ सहायक अधीक्षक महेन्द्र पाल जी से मुलाकात हुई और उन्होंने संग्रहालय में चंदेल वंश तथा संग्रहालय में स्थिति कुछ विशिष्ट मुर्तियों, पैनलों के बारे में संक्षिप्त आख्यान दिया, तथा चंदेल कला से जुड़े आइकोनोग्राफी पहलुओं पर छात्रों की शंकाओं का निवारण किया। विशेषतौर पर मन्दिर निर्माण में ग्रेनाइट और बलुआ पत्थर के प्रयोग, नृत्य गणेश की भाव भंगिमा में बदलाव, महिषासुर मर्दिनी के विभिन्न नाटकीय दृश्यों, सुरा सुन्दरी के वैभवपूर्ण रूप, शैव परिवार से जुडे निरूपण, मातृदेवियों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर राहुल, सौरभ राजपूत, योगेश, विवेक इन्दोरिया, सामीन खान, प्रद्युम्न नामदेव, साक्षी बाथम, शिखा बाल्मीकि, पूर्णिमा, सागर कुशवाह, अजीत परमार, अमन भदौरिया, मोनू, तेजेन्द्र, मरजाद आदि उपस्थित रहे।

# गोहद एवं मालनपुर नगर में गाजे:बाजे के साथ निकली भव्य रथयात्रा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** में भगवान महावीर जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गईद्य जिसमे गोहद नगर में नगरपालिका से रथयात्रा शुरू होकर पुराना बस स्टेंड,बड़ा बाजार बाबा कपूर की गली,इटायली गैट कोट का कुआं ,सतीबाजार किला रोड होते हुए पुनः नगरपालिका स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर समापन हुआ वहीं मालनपुर में श्रीजी की पालकी निकाली गई चल समारोह में बड़ी संख्या में जैन समाज की महिलाएं पुरुष व बच्चे सम्मिलित हुए जहां हाथों में चंवर लेकर सभी ने नृत्यगान करते हुए हर्षोल्लास से यात्रा में शामिल हुए रथयात्रा एवं चल समारोह के समापन के बाद श्रीजी का कलशाभिषेक किया गया इस मौके पर लगभग पांच सैकड़ा से अधिक लोग उपस्थित थे

# कलेक्टर ने लाड़ली बहना योजना अंतर्गत आयोजित शिविरों का किया निरीक्षण

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना अंतर्गत जनपद अटेर के ग्राम पंचायत कदौरा एवं ग्राम चिलौंगा में आयोजित कैम्प का निरीक्षण कर 23 से 60 वर्ष की महिलाओं की समग्र ई-केवाईसी एवं फॉर्म भरने के कार्य का अवलोकन कर प्रगति के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम भिण्ड - अटेर उदय सिंह सिकरवार, सीईओ जनपद अटेर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।इसी प्रकार कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जनपद लहार के ग्राम रोहानी जागीर में आयोजित कैम्प का निरीक्षण कर 23 से 60 वर्ष की महिलाओं की समग्र ई-केवाईसी एवं फॉर्म भरने के कार्य का अवलोकन कर प्रगति के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम लहार आरए प्रजापति, सीईओ जनपद लहार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित



किया कि सभी महिलाओं का समग्र आईडी से आधार लिंक करने के लिए ई-केवायसी करने, लाड़ली बहना योजना के फॉर्म भरने में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़ें इसकी भी समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि एक भी पात्र महिला की ई-केवायसी एवं फॉर्म भरा जाना बांकी नहीं रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478